

# शौर्य न्यूज इंडिया

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

सोच वही, ऊर्जा नई...

मूल्य : 5/-
8 जुलाई से 14 जुलाई, 2024
वर्ष - 3, अंक - 12

www.shauryanewsindia.co.in





पेज 5
दीपिका ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

पेज 5
पिछले छह महीने मैंने काफी...



बनारस, चंदौली, आजमगढ़, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, सिंगरौली, राजगढ़, भदोही, बलिया, मऊ, प्रयागराज, देवरिया, मथुरा, अयोध्या, आगरा, महोबा, बांदा, मुरादाबाद, बहराइच और गोरखपुर से प्रसारित


# नीट परीक्षा अब दोबारा कराने की जरूरत नहीं

## छात्रों में रोष : कई कैंडिडेट्स का हित खतरे में पड़ जाएगा, एनटीए बोला- बड़ी गड़बड़ी नहीं हुई

शौर्य न्यूज इंडिया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार, 5 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि NEET-UG एग्जाम को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा। इससे यह परीक्षा देने वाले लाखों ईमानदार कैंडिडेट्स गंभीर खतरे में आ जाएंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने कहा कि उन लोगों के करियर की संभावनाओं के लिए भी ठीक नहीं है, जिन्होंने इसे पास कर लिया। केंद्र और NTA ने एक याचिका के जवाब में दाखिल हलफनामे में कहा कि परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं या गड़बड़ियों की जांच का जिम्मा CBI को सौंपा है। नीट 5 मई को हुआ था। इसके बाद पेपर लीक और गड़बड़ियों के आरोप लगे। 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क देने पर भी विवाद हुआ। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने इन कैंडिडेट्स की परीक्षा रद्द कर दी और फिर से एग्जाम लिया। इसके बाद देश में 9 दिन में तीन बड़ी परीक्षाएं- NCET, UGC NET और CSIR UGC NET कैंसिल की गईं। 6 जुलाई से NEET काउंसलिंग शुरू हो रही है।

### बातचीत

### केंद्र ने कहा-नीट एग्जाम रद्द करना तर्कसंगत नहीं

राष्ट्रीय स्तर पर गड़बड़ी होने या गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी सबूत के अभाव में, पूरी परीक्षा और पहले ही घोषित परिणामों को रद्द करना उचित नहीं होगा। बड़ी संख्या में ऐसे भी छात्र हैं, जिन्होंने बिना गड़बड़ी किए परीक्षा दी है। उनके प्रतिस्पर्धा के अधिकार और हितों को खतरे में नहीं डाला जा सकता। एनटीए ने कहा, 'NEET-UG 2024 परीक्षा को रद्द करना व्यापक जनहित के खिलाफ होगा। पेपर लीक की कथित घटनाओं का परीक्षा के ऑपरेशन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इस एग्जाम को पूरी निष्पक्षता और गोपनीयता के साथ कराया गया है। एग्जाम के दौरान बड़े स्तर पर गड़बड़ियों और अनियमितताओं के दावे पूरी तरह से गलत और भ्रामक हैं। इनका कोई आधार नहीं है। एनटीए ने माना कि कथित गड़बड़ी केवल पटना और गोधरा केंद्रों में हुई थी। व्यक्तिगत उदाहरणों के आधार पर पूरी परीक्षा रद्द नहीं की जानी चाहिए। यह कहना गलत है कि हाई स्कोर लाने वाले छात्र केवल कुछ केंद्रों से हैं। गड़बड़ी में शामिल छात्रों के रिजल्ट रोक दिए हैं और उन्हें दंडात्मक कार्रवाई और निष्कासन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। नीट पेपर लीक, परीक्षा में हुई गड़बड़ियों और ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई सभी 26 याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इसमें से 22 याचिकाएं स्टूडेंट्स, टीचर्स, कोचिंग इंस्टीट्यूट और वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से दायर की गई हैं। वहीं 4 याचिकाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से दायर हुई हैं। इसके अलावा, ReNEET के खिलाफ गुजरात के 56 स्टूडेंट्स ने 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। स्टूडेंट्स का कहना है कि ज्यादातर ने दो साल की कड़ी मेहनत और 100% लगन के साथ एग्जाम दिया था। ऐसे में दोबारा NEET एग्जाम कराना स्टूडेंट्स के हित में नहीं है। ये आर्टिकल 14 और 21A के तहत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।




## गिरते पुलों पर नीतीश सरकार का बड़ा ऐक्शन

पटना। बिहार में पिछले एक सप्ताह में पुल ढहने की सिलसिलेवार घटनाओं पर नीतीश सरकार ने कड़ा एक्शन लेते हुए 14 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया है। यह निलंबन गुरुवार को सारण में एक पुल गिरने के एक दिन बाद आया है। वहीं अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो सप्ताह के भीतर बिहार में सभी निमार्णाधीन और पुराने पुलों की निरीक्षण रिपोर्ट मांगी है। 14 इंजीनियर को सस्पेंड करने का निर्णय एक जांच पैनल द्वारा जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) को अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद लिया गया। डब्ल्यूआरडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इंजीनियर लापरवाही बरत रहे थे और निगरानी अप्रभावी थी। यही राज्य में छोटे पुलों और पुलों के ढहने का मुख्य कारण है। चैतन्य प्रसाद ने कहा कि निलंबित किए गए लोगों में तीन कार्यपालक अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए।

# हाथरस में राहुल ने साधा योगी सरकार पर निशाना



हाथरस। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हाथरस सत्संग में मची भगदड़ में मारे गए लोगों से मिलने अलीगढ़ से हाथरस के नवीपुर के ग्रीन पार्क पहुंचे है। राहुल गांधी ने सत्संग कांड में मरने वालों के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी और उन्हें मदद का पूरा भरोसा दिलाया। बता दें कि भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। कांग्रेस ने हाथरस भगदड़ की घटना के लिए यूपी की योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। दुर्घटना के शोक संतप्त परिवारों से मिलने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'यह दुखद हादसा है। बहुत परिवारों को नुकसान हुआ है। काफी लोगों की मृत्यु हुई है। प्रशासन की कमी तो है और भी गलतियां हुई हैं। पीड़ित परिवारों को सही मुआवजा मिलना चाहिए। मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से विनती करता हूं कि दिल खोलकर मुआवजा दें। मुआवजा जल्दी से जल्दी देना चाहिए। परिवारवालों से मेरी बातचीत हुई है। राहुल गांधी सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर दिल्ली से हाथरस के लिए रवाना हुए थे। राहुल गांधी अलीगढ़ के पिलखना में हाथरस हादसे के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इसके बाद वह हाथरस के नवीपुर खुर्द के पास ग्रीन पार्क और विभव नगर में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। एक मृतक के परिवार के सदस्य से राहुल गांधी ने बातचीत की। राहुल गांधी ने पूछा कि यह घटना कैसे हुई? आपके परिवार के कितने लोगों ने इस हादसे में जान गंवाई हैं? और उनकी मदद करने की पूरी कोशिश करेंगे और सरकार से बात करेंगे क्योंकि उनकी पार्टी सत्ता में नहीं है। अपनी भाभी को खोने वाली एक महिला ने बताया कि राहुल गांधी ने उन्हें मदद का आश्वासन दिया है।

### पीड़ितों से मिले

### बोले- सीएम से विनती करता हूं कि दिल खोलकर मुआवजा दें

यूपी के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हाथरस की भगदड़ की घटना के लिए यूपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि हाथरस की घटना यूपी सरकार की विफलता है। सीएम योगी ने हाथरस का दौरा किया और बाद में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी वहां गए थे। वे एक साथ नहीं गए, यह बीजेपी की अंदरूनी कलह को दर्शाता है। उन्होंने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवार को एक करोड़ रुपए और घायलों को 25 लाख रुपए मुआवजा देने की कांग्रेस की मांग दोहराई और कहा कि हम यह भी चाहते हैं कि घटना की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से कराई जाए। यूपी सरकार ने घटना की जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है।

## लंबित मामलों के तत्काल समाधान के लिए विशेष लोक अदालतों का लाभ लें, 29 से 3 जुलाई तक होगा आयोजन

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत लगाएगा। इसी को लेकर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को नागरिकों से आग्रह किया कि अपने विवादों के जल्द समाधान के लिए इसका लाभ लें। बता दें, उच्चतम न्यायालय के स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी। शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर जारी वीडियो संदेश में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत लगाने जा रहा है। इसका आयोजन सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी बात यह है कि न्यायाधीश काफी समय से लंबित पड़े मामलों की संख्या को लेकर परेशान हैं।

उन्होंने कहा, लोक अदालतें देश में न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं, जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया तेज करके वैकल्पिक तरीके से विवाद निपटारा करती है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, सभी सहयोगियों और सुप्रीम कोर्ट के कर्मचारियों की ओर से मैं उन सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि जिन लोगों के सुप्रीम कोर्ट के समक्ष काफी समय से मामले लंबित हैं, वो इस मौके का लाभ उठाएं।

# राज्यों में भाजपा के प्रभारी घोषित

नई दिल्ली। भाजपा ने हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे बड़े राज्यों समेत देश भर के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने प्रभारी और सह-प्रभारी घोषित कर दिए हैं। हाल ही में सांसद बने संबित पात्रा को भी इसमें बड़ी जिम्मेदारी मिली है और उन्हें पूर्वोत्तर का समन्वयक बनाया गया है। भाजपा ने जिन प्रमुख राज्यों के प्रभारी घोषित किए हैं, उनमें से बिहार में विनोद तावड़े को जिम्मेदारी मिली है। उनके साथ सह-प्रभारी के तौर पर दीपक प्रकाश रहेंगे, जो सांसद भी हैं।

विनोद तावड़े फिलहाल राष्ट्रीय महासचिव हैं और संगठन में उनका बड़ा कद है। अरुणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अंडमान निकोबार का प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी को बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रभारी विधायक नितिन नबीन बनाए गए हैं। दादरा एवं नागर हवेली का प्रभारी दुष्यंत पटेल को बनाया गया है। गोवा की जिम्मेदारी आशीष सूद को मिली है। हरियाणा में डॉ. सतीश पूनिया को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सुरेंद्र सिंह नागर को सह-प्रभारी के तौर पर जिम्मा मिला है। वह



राज्यसभा के सांसद भी हैं। हिमाचल प्रदेश का प्रभारी श्रीकांत शर्मा को बनाया गया है और उनके साथ संजय टंडन सह-प्रभारी के तौर पर रहेंगे। जम्मू-कश्मीर में तरुण चुग प्रभारी होंगे और उनके साथ आशीष सूद सह-प्रभारी बने हैं।उत्तर प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड का प्रभारी बनाया गया है। कर्नाटक में डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल प्रभारी होंगे और उनके साथ सुधाकर रेड्डी को भी जिम्मा मिला है। केरल का प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर को बनाया गया है। उनके साथ अपराजिता सारंगी सह-प्रभारी होंगी। अब मध्य प्रदेश की बात करें तो यहां विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह को कमान मिली है, जो यूपी के हैं।



## बहोरन लाल मौर्य निर्विरोध एमएलसी हुए निर्वाचित

लखनऊ। स्वामी प्रसाद मौर्य के त्यागपत्र देने से रिक्त हुई विधान परिषद सीट के उपचुनाव में भाजपा के बहोरन लाल मौर्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। यह सीट विधानसभा कोटे की है। विधानसभा सदस्यों की संख्या के हिसाब से इस सीट पर भाजपा की जीत पहले से तय थी, इस कारण मुख्य विपक्षी दल सपा ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। शुक्रवार को नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा के साथ ही इस वर्ष 20 फरवरी को विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र दिया था। उनका कार्यकाल छह जुलाई, 2028 तक था। इस रिक्त सीट के उपचुनाव के लिए दो जुलाई को नामांकन के अंतिम दिन भाजपा ने बरेली की भोजीपुरा के पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य को पर्चा भरवाया था। चूंकि, उनका एकमात्र नामांकन आया था, इसलिए शुक्रवार को नाम वापस लेने का समय समाप्त होने के बाद उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित करने के साथ ही जीत का प्रमाण पत्र भी दे दिया गया। अब विधान परिषद में भाजपा के 79 सदस्य हो गए हैं। सपा के 10 सदस्य हैं।

# अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकार

पटना। आज राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस है। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने'पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के



नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं। दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और यह अगस्त तक गिर सकती है। वहीं तेजस्वी यादव ने अपने पिता के बयान पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र की सरकार पांच साल नहीं चलेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि हमलोगों को 10 से 12 सीटों पर गलती करके राजद को हराया गया। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टी है। जाति आधारित गणना और 75 प्रतिशत आरक्षण सीमा बढ़ाय। भाजपा सत्ता में आते ही 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण विरोधी है। तेजस्वी यादव पांच लाख नौंकरियां देने का काम किया। तीन लाख नौकरी का प्रावधान फाइल भी बढ़ा दिया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है।

# 'भोले बाबा' की खोज में आश्रम पहुंची एसआईटी

## लग्जरी गाड़ियां ले गई, मधुकर के लिए छापेमारी, राजस्थान और हरियाणा के अड्डों पर हड़कम्प

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के हाथरस में 121 लोगों की भगदड़ में मौत के मामले में एजेंसियों ने मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर को पकड़ने के लिए पड़ोसी राज्यों राजस्थान और हरियाणा में छापेमारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही शासन के निर्देश पर बनी एसआईटी ने बाबा के मैनपुरी आश्रम पहुंची। यहां खड़ी दो लग्जरी गाड़ियां पुलिस अपने साथ ले गई।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तमाम एजेंसियां पूछताछ के लिए प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा की भी तलाश कर रही हैं। हाथरस जिले के फुलरई गांव में दो जुलाई को 'भोले बाबा' के सत्संग के बाद मची भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में नामजद आरोपी के तौर पर सिर्फ मुख्य सेवादार मधुकर का नाम है और सूरजपाल



का नाम दर्ज नहीं किया गया है। यह प्राथमिकी हाथरस के सिकंदराराऊ पुलिस थाने में दर्ज की गई जिसमें मधुकर के अलावा कई अज्ञात आयोजकों को भी आरोपी बनाया गया और मामले में अब तक छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि किसी को भी क्लीनचिट नहीं दी गई है। जांच जारी है और सरकारी एजेंसियां फरार मुख्य आरोपी की तलाश कर रही हैं। एजेंसी पूछताछ के लिए प्रवचनकर्ता की भी तलाश कर रही है। अधिकारी ने यह भी बताया कि तलाशी अभियान के तहत टीम पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और राज्य के पूर्वी जिलों की खाक छान चुकी है। टीम राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों में भी तलाश कर रही है। इस बीच, भगदड़ की घटना की जांच को लेकर गठित विशेष कार्य दल (एसआईटी) की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आगरा जोन) अनुपम कुलश्रेष्ठ ने सरकार को यह रिपोर्ट सौंपी है। अधिकारी के अनुसार, गोपनीय रिपोर्ट में हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बयान शामिल हैं जिन्होंने भगदड़ के कारण पैदा हुई आपातकालीन स्थिति को देखा था।

पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को हाथरस त्रासदी की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था।










# मानदेय के मुद्दे को सपा नेता डब्लू ने उठाया

## राजनीति : चार माह से बकाया मानदेय को लेकर एक्सईएन कार्यालय पर धरनारत हैं मीटर रीडर

संतोष अग्रहरि



चंदौली। चार माह से रुके पड़े मानदेय को लेकर आंदोलित विद्युत विभाग के मीटर रिडरों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू का साथ मिला। इस दौरान उन्होंने एक्सईएन विद्युत खंड प्रथम कार्यालय पर धरनारत मीटर रिडरों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इसके साथ ही एक्सईएन विद्युत से मुलाकात कर मीटर रिडरों के मानदेय व पीएफ से संबंधित समस्याओं को मजबूती के साथ रखा और एक सप्ताह के अंदर रुके हुए मानदेय का भुगतान कराने के साथ ही संबंधित फर्म के बिलों को रोकने की मांग की।

चेताया कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो मीटरों रिडरों के हित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि विद्युत विभाग को अपनी सेवाएं देने वाले मीटर रिडरों का मानदेय पिछले चार माह से ठेकेदार व संबंधित फर्म द्वारा रोक रखा गया है। जब भी मीटर रिडर अपने मानदेय की बात करते हैं तो ठेकेदार द्वारा मीटर रिडरों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है और उन्हें काम से निकालने की धमकी दी जाती है। कहा कि मीटर रिडरों को पहले से ही बहुत कम मानदेय मिल रहा है।

बावजूद इसके उसे चार माह तक रोक दिए जाने से इनके समक्ष अपना परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कहा कि आर्थिक तंगी व मानसिक प्रताड़ना झेल रहे मीटर रिडर अंततः अपने हक के लिए एक्सईएन कार्यालय पर धरनारत हुए और उन्होंने समस्या के समाधान के लिए मदद मांगी है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एक्सईएन ऐसे तमाम फर्म व ठेकेदारों का बिल भुगतान ना करें और मीटर रिडरों का भुगतान सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही मीटर रिडरों से पीएफ का पैसा ठेकेदार द्वारा काटा जाता है लेकिन इनके पीएफ खाते में पैसा जमा नहीं किया जा रहा है।

मानदेय व पीएफ का मुद्दा मीटर रिडरों के आर्थिक हित से जुड़ा अत्यंत गंभीर मामला है, जिसे बिजली विभाग तत्काल संज्ञान में लेकर रुके हुए मानदेय का भुगतान कराए। साथ ही पीएफ विसंगतियों को भी दूर करना सुनिश्चित करें। इस बाबत एक्सईएन विद्युत ने बताया कि मामला संज्ञान में है जिससे विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ ही संबंधित फर्म को अवगत करा दिया है। क्रमबद्ध तरीके से सभी मीटर रीडरों की समस्या को दूर कर दिया जाएगा। इस अवसर पर चन्द्रिका जायसवाल, बृजेश कुमार, मुकेश कुमार, दिलीप कुमार, संतोष यादव, सोनू चौहान, चंदन चौहान, विनोद चौहान, वीरेंद्र प्रताप, अक्षय, अतुल, अमित आदि उपस्थित रहे।

## चालक को चकमा देकर ई रिक्शा ले भागे चोर

पड़ाव। ई-रिक्शा चालक को चकमा देकर चोर ई रिक्शा लेकर भागे। घटना के बाद पीड़ित ने 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जाँच मे जुट गई। बताते है कि जलीलपुर चौकी क्षेत्र के मढ़िया गांव निवासी मंगल 20 वर्ष गुरुवार की रात लगभग 10:30 स्थानीय चौराहे से दो व्यक्ति को अपने ई रिक्शा में बैठा कर मुगलसराय जाने लगा तभी चौराहे से कुछ ही दुरी पर एक पेट्रोल पम्प के पास रिक्शा में बैठे सवारी को दिखा कर पेशाब करने लिए चला गया और जब वापस आकर देखता है तो ई रिक्शा मे बैठे एक सवारी रिक्शा लेकर भागने लगा। पीड़ित चालक ने दौड़ लगाकर उसका पीछा भी किया, लेकिन चोर रिक्शा लेकर भाग गए। इसके बाद पीड़ित मंगल ने इस बात की जानकारी 112 नम्बर पर दी और सुबह शुक्रवार को मंगल के बड़े भाई अलोक ने मुगलसराय थाने पर जाकर इस बात की लिखित मे तहरीर दी। तहरीर के आधार पर स्थानीय चौकी की पुलिस जगह-जगह लगे सीसीटीवी खंगाल कर चोर को पकड़ने मे लग गई।

# नाली की सफाई न होने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



चहनियां। चकिया बिहारी मिश्र गांव में बनी नाबदान का नाली साफ-सफाई के अभाव में ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों में जा रहा है। शिकायत के बाद भी नाली साफ न होने से ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर चेतावनी दिया। चकिया बिहारी मिश्र गांव में बनी नाली विगत कई महीनों से कूड़ा कचरा से भर गया है। जिससे नाबदान गन्दा पानी ओवरफ्लो होकर लोगो के घरों में जा रहा है। ग्राम प्रधान से लेकर सफाई कर्मी से शिकायत किया गया, किन्तु नाली सफाई नहीं हुई। जिसे लेकर नाराज होकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। गांव के जमालुद्दीन आलम, हाशमी, अजीत कुमार, सुजीत वर्मा, अजय मिश्रा, गुड्डू मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, विरेन्द्र प्रताप मिश्रा आदि ने कहा कि पूरे गांव के नाबदान का पानी घरों में घुस रहा है। नाबदान के पानी से होने वाली दुर्गंध से घर में रहना दुश्वार हो गया है। ग्राम प्रधान से लेकर सफाई कर्मियों तक से शिकायत कई बार किया। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए इस समस्या से निदान दिलाए जाने की मांग किया है।

## संक्षेप समाचार...

### निरोग रहने के लिए पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

चंदौली। एसपी आदित्य लांग्हे के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस लाइन में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने खुद को स्वस्थ व फिट रखने के लिए योगाभ्यास किया। एसपी आदित्य लांग्हे ने बताया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

चंदौली। सकलडीहा विकासखंड के बरडिहा गांव में सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए और उसमें जो भी दोषी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अगर ऐसा नहीं किया क्या गया तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसके लिए शासन और प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान रामकेवल शर्मा, सर्वजीत पांडेय, रामदास शर्मा, मोहन शर्मा, राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### फरार अभियुक्त के खिलाफ कुर्की का आदेश जारी

डीडीयू नगर। जनपद के अपर जिला जज तृतीय के न्यायालय में विचाराधीन एनडीपीएस एक्ट के एक मुकदमें में फरार चल रहे मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के एक अभियुक्त के खिलाफ गैर जमानती वारण्ट के साथ कुर्की जब्ती का आदेश जारी किया है। विदित हो कि मुगलसराय कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 18/2008 एनडीपीएस एक्ट 8/21 अपर जिला जज तृतीय के न्यायालय में अपराध संख्या 10/2008 एनडीपीएस एक्ट 8/21 विचाराधीन है। उक्त मुकदमे का अभियुक्त मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मालगोदाम रोड राममंदिर निवासी परवेश पुत्र अर्जुन वांछित है और वह फरार चल रहा है। न्यायालय ने उक्त अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानती वारण्ट के साथ सीआरपीसी 82 के तहत कुर्की जब्ती का आदेश देते हुए उसे गिरफ्तार कर 10 जुलाई को न्यायालय में पेश करने का आदेश पुलिस को दिया है।

### एकौना में मनी रामविलास पासवान की जयंती

शहाबगंज। क्षेत्र के एकौना गांव स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य रहे स्वर्गीय रामविलास पासवान का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कैलाश आचार्य ने स्वर्गीय पासवान के जीवन के बारे में विस्तार से चर्चा की।उन्होंने उपस्थित लोगों को परिवार में शिक्षा-संस्कार के महत्व पर भी विचार रखा। पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवान ने समाज के लोगों को एक साथ मिलकर देशहित में योगदान करने का आग्रह किया। अंत मे एक पेड़ मां के नाम पर पेड़ लगाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश मौर्य, शारदा मौर्य, अरविंद द्विवेदी, सुनील साहनी, गोविंद पासवान, श्वेतांक सिन्हा, उमाशंकर आदि उपस्थित थे।

### सीएचसी पर टूटी सोलर लाइट की नहीं हुई मरम्मत

सकलडीहा। सकलडीहा सीएचसी पर बीते एक सप्ताह लगी सोलर लाइट टूट गयी है। सोलर लाइट पर अंकित मोबाइल नंबर पर शिकायत के बाद भी कार्यदायी संस्था अनजान बने हुए है। इसके अलावा सकलडीहा सधन तिराहा और ब्लॉक तिराहा पर हाईमास्ट महीनों से शोपीस बना हुआ है। बारिश के समय रात में अंधेरा होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### सड़क मरम्मत की ग्रामीणों ने उठायी मांग

सकलडीहा। सकलडीहा कस्बा से रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य मार्ग लम्बे समय से जर्जर है। शिकायत के बाद भी जिला पंचायत के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए है। व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्त ने समस्या का निदान कराने की मांग किया है। समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया है।

### पशु हॉस्पिटल मार्ग पर लगा कूड़े का अंबार

सकलडीहा। क्षेत्र के तेन्दुईपुर गांव के पशु हास्पिटल मार्ग पर कूड़े करकट का अंबार लगा हुआ है। शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी अनजान बने हुए है। ग्रामीणों ने कूड़ा करकट के अंबार लगे होने से दुर्गंध और संक्रामक रोग बढ़ने की आंशका को लेकर सहमे हुए है। ग्राम प्रधान से समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है।

### सड़क धंसने से दुर्घटना की आशंका

सकलडीहा। सकलडीहा अलीनगर मोड़ से सुबह शाम भारी वाहनों के गुजरने से मोड़ पर सड़क धंसने लगी है। जिसके कारण बड़ी वाहन गड्ढे में धस जा रही है। जिसके कारण जाम की समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने मरम्मत की मांग उठाया है।

### नाला के समीप सड़क नहीं बनाने से जलभराव

सकलडीहा। सड़क चौड़ीकरण को लेकर नव निर्मित नाला के समीप सड़क खोदकर छोड़ दिया गया है। सड़क नही पाटने के कारण बरसात का पानी लगने से ग्राहकों को दुकान पर पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। कस्बावासियों ने नाला के समीप खोदी गयी सड़क को पाटकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है।

### क्षमता में वृद्धि हेतु खुला एक और गुड्स शेड

डीडीयू नगर। डीडीयू मंडल माल परिवहन सुविधा में विस्तार करते हुए किसानों, व्यापारियों एवं उद्यमियों को लाभान्वित करने के साथ रेल राजस्व में वृद्धि को लेकर निरंतर कार्यरत है। इसी क्रम में माल लदान की सुविधा के लिए मंडल के पुसौली स्टेशन पर नए गुड्स शेड का निर्माण किया गया है। पूरी तरह से तैयार पुसौली गुड्स शेड को माल लदान के लिए खोल दिया गया है। अब आसपास के क्षेत्र से माल एवं उत्पाद आसानी से रेलवे के माध्यम से अन्यत्र भेजा जा सकेगा। पुसौली गुड्स शेड हेतु सुदृढ़ वार्फ का निर्माण किया गया है जिससे वाहनों का आवागमन सुगम होगा तथा माल लदान सुचारू रूप से किया जा सकेगा।पुसौली गुड्स शेड का निर्माण हो जाने से स्थानीय किसानों, व्यापारियों,उद्यमियों को पास ही रेल से माल परिवहन की सुविधा मिल जाएगी जिससे उनको काफी लाभ होगा। विशेषकर धान-चावल आदि खाद्यान्नों के रेल से त्वरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

### माता-पिता व गुरु के बताए राह पर चलें बच्चे: शांतनु

नियामताबाद। पंडित ओंकारनाथ तिवारी के प्रथम पुण्यतिथि पर नियमताबाद ग्राम सभा में आचार्य शांतनु महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक प्रमोद सिंह के आवास पर हुआ। परिजनों ने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। परिवारजनों को गुरु शिष्य परंपरा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही गुरु शिष्य परंपरा चली आ रही है। भारतीय दर्शन बताता है कि गुरुओं का सम्मान माता-पिता के समान ही शिष्य किया करते थे। गुरु शिष्य संबंध इतने मधुर थे कि शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते थे, लेकिन आज आधुनिक परिवेश में परिवार संस्कार विहीन होते जा रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर अपहरण करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

शौर्य न्यूज इंडिया



सकलडीहा। कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने पर के आरोप में एक युवक को शुक्रवार को सकलडीहा से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी धीना थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी रविकांत यादव है। पकड़े गये आरोपी को विभिन्न धारा के तहत न्यायालय से जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग लड़की को झांसा देकर अपहरण किये जाने को लेकर परिजनों की ओर से नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था।

घटना को लेकर कोतवाली पुलिस टीम बनाकर युवक की गिरफ्तारी में जुटा था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को सकलडीहा कस्बा से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। इस बाबत कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी धीना थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी रविकांत यादव को न्यायालय से जेल भेज दिया गया। अपहृता की सकुशल बरामदगी के बाद विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में कोतवाल संजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी नईबाजार विजय राज, अजय यादव व नेहा रही।

# पेड़-पौधे प्रकृति के अनुपम उपहार: डीएम

## दिया निर्देश : बारिश में अधिक से अधिक छायादार एवं फलदार लगाएं पौधे

चंचल सिंह



चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने पौधे कतार से लगाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए समय पर पानी दें और सभी मिलकर आवश्यक देखरेख भी करें।

इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बारिश के मौसम में छायादार एवं फलदाल पौधे अधिक से अधिक लगाऐं। मां की ममता और पेड़ का दान दोनों करते हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक मां के नाम पर एक वृक्ष लगाने पर विशेष महत्व संक्षिप्त रूप से दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, एडीएम अभय कुमार पांडेय, प्रभागीय वनाधिकारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर हर्षिता सिंह, सत्यपाल प्रसाद, मुन्नालाल सिंह, छविनाथ त्रिपाठी, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रवि कुमार सिंह वन दरोगा, देव कृष्ण तिवारी उपस्थित रहे।

**पौधों का रोपण व संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व: नौगढ़।** एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अन्तर्गत वन महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को नौगढ वन रेंज के सेहुआ नार जंगल में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवानदास अग्रहरि ने पौधरोपण कार्यक्रम का शुरूआत करके मौजूद लोगों से अपील किया कि परिवार के प्रत्येक सदस्यों के नाम पर पौध अवश्य लगवाएं।

उन्होंने कहा कि पौध का रोपण कर संरक्षण करना हम सभी की नैतिक कर्तव्य व दायित्व है। पेड़ पौधों का जनजीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। पेड़ पौधों से निःशुल्क शुद्ध हवा मिलता है, जो कि तन मन को साफ और स्वस्थ रखता है। धरती मां का आभूषण पेड़ पौधों ही हैं। जो कि भूमि का कटाव रोकने में काफी सहायक होकर के ससमय वर्षा होने में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ज्ञान मंदिर औरवाटांड़ के बच्चों को महोगनी, पीपल, गुलर, पाकड़, महुआ, बालमखीरा का पौध देकर के पर्यावरण में योगदान देने की अपील किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ संजय कुमार श्रीवास्तव, गुरूदेव सिंह, केशव सिंह, पप्पू सोनकर, बबुंदर, अश्वनी कुमार, राजेन्द्र सोनकर आदि मौजूद रहे।

# चौपाल में गांव के विकास और समस्याओं का करेंगे निस्तारण



सकलडीहा। क्षेत्र के डेढ़गांवा और फेसुड़ा गांव में शुक्रवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव से जुड़ी विकास और समस्याओं को गंभीरता पूर्वक अधिकारियों ने सुनकर निस्तारण कराया। इस मौके पर पीएम और सीएम आवास के लाभार्थियों की पात्रता की जांच भी किया। इस दौरान बाल विकास,स्वास्थ्य,पशु चिकित्सा, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान बीडीओ केके सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से गांवों की चौमुखी विकास को लेकर लगातार कवायद किया जा रहा है।

जिसके तहत ग्रामीणों को मनरेगा के तहत रोजगार,महिलाओं को एनआरएलएम के माध्यम से रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों को सीएम और पीएम आवास दिया जायेगा। पंचायत सहायक के माध्यम से गांव में विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। इसके साथ ही पशुओं को मिलने वाली सुविधा और लोन के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री सम्मान निधि, आगनबाड़ी और शिक्षा के तहत मिलने वाली अनुदान राशी के बारे में जानकारी दिया। अंत में गांवों में संचारी रोग के तहत साफ सफाई व स्वच्छता के तहत ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और टीकाकरण के बारे में बताया गया। इस मौके पर सचिव मनोज सिंह, संजय कुमार यादव,एडीओ सहकारिता आशीष सिंह, अनिल कुमार मिश्रा, अलका यादव, मुख्य सेविका विद्यावती सिंह, कोटेदार योगेन्द्र सिंह, टीए मनोज पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि डेढ़गांवा अविनाश पासवान, प्रधान फेसुड़ा विमलेश यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक माह से नहीं बन रहा जन्म व मृत्यु प्रमाण

शहाबगंज। एक महीने से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इसके पीछे जिले से आवेदन अग्रसारित नहीं होना वजह बताया जा रहा है। ऐसी स्थिति में क्षेत्रीय ग्रामीणों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है, उन्हें स्कूल में प्रवेश लेने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिनका निधन हो गया है उनका मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने से क्लेम, पेंशन आदि के काम नहीं हो पा रहे हैं। अभिभावक विकास खण्ड कार्यालय का चक्कर लगा कर घर चले जा रहे परन्तु कोई बताने वाला नहीं है कि कैसे होगा। दूरदराज से कार्यालय आने वाले लोगों को बताया जाता है कि जिले से बन्द है आप जिले पर जाइए वहां जाने पर अभिभावकों को बताया जाता है कि अभी सर्वर नहीं चल रहा है। इनको देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी से जन्म-मृत्यु प्रमाण जिले से तत्काल अग्रसारित करवाने की मांग की है।

# पांच माह पूर्व बना नाडेप ध्वस्त, भ्रष्टाचार उजागर



डीडीयू नगर। क्षेत्र के सहरोई गांव में पांच माह पूर्व बना नाडेप ध्वस्त हो गया, जिससे शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। यह मामला भ्रष्टाचार की पोल भी खोल रहा है। शासन स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा व ओडीएफ के तहत लगभग 11 हजार रुपए लागत से वर्मी कंपोस्ट व नाडेप का निर्माण कराया गया है। जिसमें एक सामुदायिक वर्मी कंपोस्ट का निर्माण कराया गया है। जहां आधा दर्जन की संख्या में एकत्रित बनाया गया है। इसके अलावा पर्सनल भी बनाया गया है। इसमें गांव के लोग अपने गाय को गोबर के अलावा खरपतवार व सड़ी सब्जियां एकत्रित करेंगे। जिसे खेतों में कंपोस्ट खाद के रूप में प्रयोग किया जाएगा। सरकार की यह योजना गांव में ध्वस्त होती दिख रही है। कहीं आधा अधूरा बना है तो कहीं इसका प्रयोग प्रयोग तक नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र के सहरोई गांव में रामनिवास मिश्रा के दरवाजे पर बना नाडेप मात्र 5 महीने में ही ध्वस्त हो गया, जिससे यह शो पीस बना हुआ है। भ्रष्टाचार की पोल भी खुल रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी केके सिंह ने बताया कि आरआरसी द्वारा इसका पैसा सीधे ग्राम पंचायत के खाते में जाता है। इसी संस्था के तहत निर्माण भी कराया जाता है। अगर इस तरह का मामला है तब एडीओ पंचायत के माध्यम से जांच कर कर पुनः निर्माण कराया जाएगा।

# अनियंत्रित कार के धक्के से साइकिल सवार छात्रा घायल

बबुरी। क्षेत्र के जरखोर गांव के पास शुक्रवार की शाम अनियंत्रित कार के धक्के से साइकिल सवार छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में परिजन घायल छात्रा को लेकर बबुरी स्थित एक निजी चिकित्सालय पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए भेज दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बांस-बल्ली लगाकर सड़क जाम कर दिया। जानकारी होने पर बबुरी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार जरखोर खुर्द निवासी लोकनाथ की पुत्री संगीता 18 वर्ष शुक्रवार की शाम बबुरी स्थित दुर्गा इंटर कालेज से पढ़कर साइकिल द्वारा घर लौट रही थी। उसी समय बबुरी की तरफ से जरखोर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के धक्के से सड़क किनारे एक यूकेलिप्टस का पेड़ उखड़ गया। पेड़ को टक्कर मारते हुए कार एक शिलापट्ट से टकरा कर परखच्चे उड़ाते हुए छात्रा को धक्का मार दिया। घटना में छात्रा साइकिल सहित दस फीट दूर हवा में उछल कर सड़क किनारे गिर कर अचेत हो गई। इस बीच कार को छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। घटना होते देख घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार पर ईट पत्थर से वार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बबुरी धरौली मार्ग पर बांस बल्ली रख कर सड़क को घंटो तक जाम कर दिया तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना पर बबुरी थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय भारी फोर्स के साथ पहुंच गए।

# 'चंदौली में सात सूचकांकों पर होगा काम'



चंदौली। चंदौली कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को नीति आयोग के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान की लांचिंग जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने की। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी निखिल फुंडे के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। डीएम ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आकांक्षी जनपद कार्यक्रम में 07 सूचकांक और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में 06 सूचकांक मे सुधार हेतु कार्य किया जायेगा। यह अभियान 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, कृषि और आजीविका मिशन शामिल है। सभी विभाग इन सूचकांक गर्भवती महिला का प्रथम तिमाही में पंजीकरण और प्रसव पूर्व जांच, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, मधुमेह और रक्तचाप की नियमित जाँच, स्वयं सहायता समूह को रिबोलविंग फण्ड व विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं और सुवायल हेल्थ कार्ड का वितरण पर कार्य करना है। आकांक्षी ब्लॉक चहनियां में 04 सूचकांक पर कार्य होगा। गांव में सामुदायिक स्तर पर विभिन्न तरह की गतिविधिया संपन्न होगी और इसका साप्ताहिक तौर पर समीक्षा भी होगी। कार्यक्रम में जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी जया त्रिपाठी, बीडीओ दिव्या ओझा, नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन से हेमन्त कुमार वर्मा, शशांक त्रिपाठी, शुभम कुमार, अर्थ सांख्यिकी अधिकारी नरेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## शौचालय पर लटका रहता है ताला

चहनियां। क्षेत्र के जुड़ा गांव में बने सामुदायिक शौचालय में अक्सर ताला बंद रहता है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया गया शौचालय महज शो पीस बनकर रह गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है। गांव के सन्तोष यादव, बाढु राम, राधेश्याम राम, घरभरन, मुरली, सुभाष आदि ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा सरकार ग्रामीणों की सुबिधा के लिए गांव गांव सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया है किन्तु जुड़ा गांव में बना शौचालय केवल शो पीस बनकर रह गया है। यहां महिला व पुरुष दोनों में हमेशा ताला लटका रहता है। इस शौचालय को पूर्व प्रधान ने बनवाया था। तब भी इसमे ताला ही लटका रहता था।

# बलिया में तीन लोगों की मौत, खेत में मिली युवक की लाश

## बदमाशों ने मृतक के नाक व मुंह में ठूंस दी थी मिट्टी, देर रात तिलक कार्यक्रम में खाना खाकर मड़हे में गया था सोने

बैरिया। इलाके के श्रीपतिपुर (धतूरी टोला) गांव निवासी कमलेश बिंद (34) पुत्र स्व. लालबच्चा बिंद की गुरुवार की रात उस समय लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी, जब वह घर से कुछ दूरी पर अपने खेत में लगे मड़हे में सो रहा था। इतना ही नहीं, हत्या करने के बाद कमलेश के नाक और मुंह में हत्यारों ने मिट्टी ठूस दिया था।

घटना की सूचना पर शुक्रवार की सुबह पहुंची दोकटी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दे कि गुरुवार की रात श्रीपतिपुर (धतूरी टोला) गांव निवासी कमलेश बिंद के चचेरे भाई का तिलक था, जहां रात करीब आठ बजे खाना खाकर कमलेश खेत में अपने मड़हे में सोने के लिए चला गया। शुक्रवार की सुबह लोग शौच के लिए गए तो देखा कि कमलेश बिन्द मुंह के बल खेत में पड़ा हुआ है। उसे घायल समझ कर ग्रामीण उसे उठाकर घर ले आये, तभी किसी ने उसका नब्ज देखकर कहा कि इसकी मौत हो चुकी है। इतना सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर थानाध्यक्ष मदन पटेल



सदल-बल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि कमलेश दो भाई है। बड़ा भाई टुनटुन गुजरात में नौकरी करता है, जबकि कमलेश दुबई में नौकरी करता था। आठ माह पूर्व पिता की मौत के बाद उनके श्राद्ध में शामिल होने के लिए दुबई से आया था, तबसे दुबई नहीं गया। वह अपने भाई के पास गुजरात नौकरी करने के लिए चला गया। अभी एक पखवारा पूर्व ही गुजरात से लौटा था। कमलेश की शादी रेवती थाना क्षेत्र के गोपालनगर में हुई है। युवक की हत्या के बाद पत्नी, तीन छोटे-छोटे बच्चे एवं मां का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक की मां ने बताया कि हम लोगों की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। इस बाबत पूछने पर थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सर्पदंश से बच्ची की मौतः बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुशहां भाड़ में सर्पदंश से अंशु कुमारी राजभर (04) पुत्री अजीत राजभर की मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात में बच्ची को लेकर उसके पिता अजीत चौकी पर सो रहे थे कि रात करीब दो बजे उनकी पुत्री ने उन्हें बताया कि पापा मुझे चूहा ने काट लिया है। यह सुन अजीत उठकर बेटी को बाहर लेकर आए। देखा कि उसके हाथ से खून बह रहा था। पिता ने तुरंत उसे सीएचसी सीयर पर उपचार के लिए दाखिल कराया, जहां पर जांचोपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। महिलाएं दहाड़े मार कर रोने लगी।

**भटिंडा गये युवक की सड़क हादसे में मौत : बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के बिठुआ गांव निवासी हसान (25) अपने घर से लगभग दो सप्ताह पूर्व कमाने गए। गुरुवार की रात्रि भटिंडा, पंजाब में चारपहिया वाहन के डिवाइडर से टकराने पर उसकी असामयिक मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों समेत गांव में कोहराम मच गया। युवक का शव शनिवार तक आने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार बिठुआ गांव निवासी हसान पुत्र गुलाम गत् 20 जून को भटिंडा, पंजाब में किसी आईटी कम्पनी में इंजीनियर के पद पर ज्वाइन किया था। गुरुवार की रात्रि लगभग नौ बजे कार से वापस अपने रूम पर आ रहा था। इसी बीच कार का टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे घटना स्थल पर ही हसान की मौत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हसान का शव शनिवार तक घर आने की उम्मीद है। जैसे ही हसान की मौत की खबर उसके परिजनों को लगी, परिजनों में कोहराम मच गया। महिलाएं दहाड़े मार कर रोने लगी। युवक की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बैरिया। दोकटी थाना क्षेत्र के श्रीपतिपुर (धतूरी टोला) गांव में गुरुवार की रात कमलेश बिंद की लाठी-डंडे से पीट कर की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की माता लाल मुनी देवी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। भारतीय न्याय संगीता 2023 के धारा 103(1) के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस द्वारा किसी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में नहीं लिया गया है।

# सिटी सेंटर बनेगा मऊ रेलवे स्टेशन

**विकास की बात**

**अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत 48.98 करोड़ की लागत से होगा पुनर्विकसित**

मऊ। अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंड़ल पर वाराणसी-गोरखपुर रेल खण्ड़ पर स्थित मऊ जं रेलवे स्टेशन को रु. 48.98 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। यह स्टेशन प्रयागराज-वाराणसी-गोरखपुर मुख्य लाइन पर पड़ता है जो आजमगढ़ रेल रूट से सीधे तथा बलिया से वाया इंदारा,रसड़ा-फेफना कनेक्टेड है। यह पूर्वान्चल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण स्टेशन जो नई दिल्ली, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता, पुणे, लखनऊ, अलीगढ़, कानपुर, प्रयागराज, जयपुर, रांची, वाराणसी आदि जैसे भारत के प्रमुख शहरों से रेल रूट के माध्यम से जुड़ा हुआ है। मऊ जं रेलवे स्टेशन वाराणसी से लगभग 93 किमी दूर स्थित है। मऊ जं. पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत एनएसजी-3 श्रेणी का स्टेशन है। मऊ स्टेशन पर 03 अदद प्लेटफार्म हैं। मऊ स्टेशन से मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, मऊ-आनंदविहार एक्सप्रेस, मऊ-जोधपुर एक्सप्रेस, मऊ -बड़ोधरा एक्सप्रेस, मऊ-छपरा कचहरी पैसेंजर, मऊ-दोहरीघाट पैसेंजर,मऊ-प्रयागराज रामबाग पैसेंजर एवं शाहगंज पैसेंजर समेत कुल 44 सवारी/मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां संचालित हो रही है तथा यहाँ से लगभग 22 हजार यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन होता है। अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मऊ रेलवे स्टेशन पर किये जा रहे उन्नयन एवं सुधार कार्यो में दो मंजिला स्टेशन विस्तृत भवन का निर्माण, नये पोर्च के निर्माण के साथ स्टेशन भवन के फसाड (मुखड़े) का सुन्दरीकरण कार्य में 300 वर्गमीटर पत्थर आवरण लगाने का कार्य पूर्ण हो चूका है शेष 2700 वर्गमीटर में पत्थर लगाने का काम प्रगति पर है। 700 मीटर लम्बे स्टेशन अप्रोच रोड (पहुंच मार्ग) में 300 मीटर रोड का चैड़ीकरण तथा 75 मीटर डिवाइडर का काम पूर्ण हो चूका है शेष कार्य प्रगति पर है। 60 मीटर एक्स्टेंशन का कार्य 70 प्रतिषत पूरा हो चूका है तथा 10000 वर्गमीटर प्लेटफार्म सतह सुधार के कार्य में 1700 वर्गमीटर का कार्य पूर्ण हो गया है। सकुर्लेटिंग एरिया की दिशा में 450 मीटर की चारदीवारी का निर्माण पूरा हो गया है शेष 150 मीटर का निर्माण प्रगति पर है। प्लेटफार्मों पर 2700 वर्गमीटर पीपी शेल्टर के प्रावधान के साथ 80 प्रतिषत का निर्माण पूरा हो गया, 800 पीपी की शीट के परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक सकुर्लेशन में सुधार और सकुर्लेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण कार्य, सौंदर्यपूर्ण, चैड़ा और अच्छी रोशनी वाला अग्रभाग/पोर्च सर्कुलेशन एरिया में सुधार। उपरोक्त कार्यों के पूर्ण हो जाने पर मऊ जं रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को जहाँ एक ओर उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुख सुविधाओं का लाभ मिलेगा वही दूसरी ओर रेल परिसर में प्रवेश करते ही उन्हें सुखद अनुभूति का एहसास होगा।



# हादसे में पिता व पुत्र की मौत, परिजनों में कोहराम



मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के मीरजापुर सोनभद्र मार्ग पर सोनबरसा गांव के पास बीती रात खड़े ट्रेलर में घुस जाने से पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रात करीब 12:30 बजे हुआ। हादसे में डा0 पंकज पांडेय एवं 14 वर्षीय पुत्र नभ्य कुमार की मौत हो गई, जबकि पत्नी अनीता पांडेय एवं छोटा पुत्र 12 वर्षीय जयकुमार पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल चालक को वाराणसी ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

जबकि अन्य को सोनभद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सोनभद्र जनपद के रावर्ट्सगंज बढ़ौली निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता स्व0 महेंद्र पाण्डेय के पुत्र पंकज पांडेय बोलेरो से अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ गुरुवार को मीरजापुर आये थे। गुरुवार की रात बोलेरो से घर लौट रहे थे। जब यह लोग राजगढ़ थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रहे ट्रक की रोशनी पड़ने पर वाहन पर से चालक अपना संतुलन खो बैठा। बोलेरो सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से जोरदार आवाज के साथ उसमे जा घुसी। हादसे में बोलेरो सवार 40 वर्षीय डा0 पंकज पांडेय, 37 वर्षीय पत्नी अनीता पांडेय, बड़ा पुत्र 14 वर्षीय नभ्य कुमार पांडेय उर्फ डुग्गू तथा 12 वर्षीय पुत्र जयकुमार पांडेय तथा सोनभद्र जनपद के डोहरी गांव निवासी बोलेरो चालक 23 वर्षीय अमरनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो ट्रेलर में फंस गई।

# बरसे मेघ, सड़कें जलमग्न, आवागमन बाधित

गाजीपुर। जिले में कई स्थानों पर शुक्रवार को जमकर बारिश हुई। दोपहर तक रुक-रुककर बारिश का दौर चला। जिससे सड़कें जलमग्न हो गई। जलभराव होने से आवागमन में भी दिक्कतें भी हुईं। बारिश थमने के बाद उमस बढ़ गई, लोग परेशान नजर आए। जिले में गुरुवार की रात में बारिश होने के बाद भोर में भी बारिश हुई। बारिश का यह दौर दिन में भी बना रहा।

जिला मुख्यालय क्षेत्र में कभी तेज तो कभी धीमी बारिश हुई। दोपहर तक बारिश का दौर बना रहा। बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो गए, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुई। दोपहर के बाद मौसम खुल गया। जिससे बाजार में चहल-पहल बनी रही। सुबह के समय न्यूनतम पारा जहां 26.5 डिग्री तक रहा। वहीं दोपहर में अधिकतम पारा 31 डिग्री तक पहुंचा। लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र की कई बस्तियों में पानी भरा रहने से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। शुक्रवार भोर से ही जोरदार बारिश का सिलसिला जारी है।जिला मुख्यालय पर सुबह अच्छी बारिश हुई, बारिश ने शहर को बाढ़ जैसे हालात में डाल दिया। एक घंटे से अधिक चली इस बारिश ने कई इलाकों को जलमग्न कर दिया। मूसलाधार बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में भारी जलभराव हो गया। सड़कों पर पानी भरने से यातायात बाधित हो गया और वाहन चालक और राहगीर पानी में होकर गुजरने को मजबूर हो गए। कई वाहन पानी में फंस गए, जिन्हें लोगों ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। बड़ी संख्या में स्कूल और कोचिंग संस्थान होने के कारण छात्र भी बारिश के पानी में से होकर गुजरते रहे, जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ गई।



नगर में जल जमाव की स्थिति सीवरेज खुदाई से हुआ है। जहां अगर जल जमाव की स्थिति बनी है। वहां पर सफाई कराकर जल जमाव से निजात दिलाया जायेगा। - नगर पालिका ईओ लोकेश

**प्रशासन और नगर पालिका की तैयारियों की पोल खुली :** बारिश ने जिला प्रशासन और नगर परिषद के दावों की पोल खोल दी। शहर में जगह-जगह जलभराव होने से साफ हो गया कि मानसून के पहले की तैयारियों में कहीं न कहीं कमी रह गई थी। भारी जलभराव के कारण छात्रों को अपनी जान जोखिम में डालकर पानी में से होकर गुजरना पड़ा। इस स्थिति ने प्रशासन और नगर परिषद की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**स्थानीय निवासियों की बढ़ी परेशानियां :** भारी बारिश ने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को भी बढ़ा दिया है। सिवरेज निर्माण कार्य में लापरवाही से कई क्षेत्रों के गड्ढों में जलभराव के कारण लोगों के घरों में पानी घुस गया और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। निवासियों को पीने के पानी और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ा। शहर की सड़कों पर जमा पानी के कारण दुकानदारों और व्यवसायियों को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

# नालों की सफाई नहीं, डीएम नाराज

## निर्देश : किसी भी कीमत पर सड़कों पर न डम्प हो कूड़ा



आजमगढ। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज जनपद में हो रही बारिश की दृष्टिगत शहर के प्रमुख स्थानों पर नालों की सफाई, सिल्ट सफाई, जल जमाव स्थिति का जायजा लेने अचानक प्रातः शहर भ्रमण पर निकले। जिलाधिकारी ने शिब्ली कालेज एवं सुखदेव पहलवान स्टेडियम एवं आसपास के नालों का निरीक्षण किया। नालों में सिल्ट सफाई प्रापर तरीके से न कराने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को प्रत्येक दशा में आज ही नालों की सिल्ट सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नालों के साथ ही नालों से जुड़ने वाली नालियों की भी सिल्ट सफाई, कचरा, कूड़ा को साफ कराना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को जल जमाव तथा नाली ओवरफ्लो की स्थिति का सामना न करना पड़े।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मुकेरीगंज पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर, सड़कों के किनारे, चैराहा, तिराहों के कोने पर किसी भी कीमत पर कूड़ा डम्प न होने पाये। कहा कि सफाई कर्मचारियों को लगातार सफाई हेतु निर्देशित करें। उन्होंने ने रोडवेज, महिला चिकित्सालय, चैक तथा दलाल घाट, जिला चिकित्सालय आदि स्थानों पर भी स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानचंद गुप्ता तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/ प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ रोहित यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जमदहां गांव के नाले में मिली लाश की हुई शिनाख्त

खेतासाराय। वृहस्पतिवार की सुबह क्षेत्र के जमदहां गाव स्थित बेसु नदी के नाले में उतराई मिली महिला लाश की शिनाख्त शुक्रवार की शाम ज़िला अस्पताल के मर्चरी हाउस में परिजनों ने शव तथा कपड़े देख कर की।

मालूम हो कि गुरुवार को क्षेत्र के जमदहां गांव से होकर गुजरे बेसु नदी के नाले में एक महिला का शव उतराया हुआ मिला था। शुक्रवार को मामला समाचार पत्रों मे उजागर होने पर क्षेत्र के मुस्तफाबाद निवासी फिरोज अहमद को शक हुआ कहीं यह उनकी पुत्री रशीदा रुखसार 20 का शव तो नहीं है जो बीते 13 मई से लापता थी। परिजन शंका होने पर थाना तथा जिला अस्पताल मर्चरी हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पिता फिरोज अहमद ने बताया उनकी पुत्री राशिदा रुखसार आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के ओम प्रकाश पीजी कालेज में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। 13 मई को वो कालेज जाने के लिए निकली परन्तु घर वापस नहीं आई थी। खोजबीन के बाद कहीं न मिलने पर 19 मई को पिता ने पुलिस को पुत्री की गुमशुदगी की सूचना दी थी। मृतक छात्रा के पिता फिरोज अहमद का कहना है कि पुलिस ने यदि मेरी पुत्री की गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लिया होता तो मेरी पुत्री आज जीवित होती। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया मृतक छात्रा की शिनाख्त हो गई है। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने मे पहले से दर्ज थी। पीएम रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम विधिक कारवाई की जाएगी। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# आक्रोशः शौचालय निर्माण कराने को खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

ओबरा। प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत पूरे देश में शौचालय का निर्माण कराकर सभी को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में विगत कई वर्षों से शौचालय का निर्माण अधूरा रहने के चलते खिलाड़ियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रतिदिन स्टेडियम में सुबह तथा शाम आने वाले सैकड़ों स्वास्थ्य प्रेमियों को खुले में शौच करना पड़ता है। शौचालय निर्माण को पूरा करने के लिए शुक्रवार की सुबह खिलाड़ियों ने नारेबाजी किया।

अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने बताया कि अंबेडकर स्टेडियम में विगत कई वर्षों से अधूरे शौचालय का निर्माण कराया गया है। ऐसे में स्टेडियम में आने वाले स्वास्थ्य प्रेमियों तथा खिलाड़ियों को खुले में शौच करना पड़ता है। बताया कि सबसे बड़ी समस्या महिला खिलाड़ियों तथा सुबह में स्वास्थ्य लाभ हेतु स्टेडियम में टहलने वाली महिलाओं के समक्ष रहती है। शौचालय का निर्माण नहीं होने के चलते उन्हें भी खुले में शौच का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने परियोजना प्रबंधन तथा नगर पंचायत से मांग किया कि जनहित में स्टेडियम में आने जाने वाले आम जनमानस तथा खिलाड़ियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्द शौचालय का निर्माण पूरा कराया जाए। प्रदर्शन में सत्येंद्र सिंह,नवाब चौधरी शामिल रहे।



## संक्षेप समाचार...

### एंटी रोमियो टीम ने मनचले को किया गिरफ्तार

शाहगंज। नगर के जेसीज चौक पर आने जाने वाली लड़कियों पर छींटाकशी करने के आरोपित युवक को एंटी रोमियो टीम ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के अरगूपुर कला गांव निवासी शनि कुमार पुत्र रामबली को कुछ लड़कियों की शिकायत पर हरकत में आई एंटी रोमियो की टीम ने शुक्रवार को जेसीज चौक से गिरफ्तार कर लिया। लोगों का आरोप है कि जेसीज चौक पर खड़े होकर आने जाने वाली लड़कियों व महिलाओं पर फब्तियां कसना, कमेंट करने के आरोप में गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 296 के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

### एक से कई चिराग होंगे रोशन : मोहसिन अब्बास

जफराबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहल्ला नासही में स्थित एमएच कॉन्वेंट स्कूल के फाउंडर चिराग अली उर्फ कल्लू नेता की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को खेताब करते हुए मौलाना मोहसिन अब्बास ने कहा कि कुरान की पहली आयत ही में कहा गया कि पढ़ो और पढ़ाई की बात को आगे बढ़ाते रहो। उन्होंने कहाकि चिराग अली एक ऐसे समाजसेवक थे जिनकी सोच थी कि समाज शिक्षित रहे और यही सोच की वजह से उन्होंने एमएच कान्वेंट स्कूल की बुनियाद रखी और शिक्षा का चिराग रोशन किया। इससे शिक्षित होकर शिक्षा के एक चिराग से कई चिराग रोशन हो सके। जब लोग शिक्षित रहेंगे तभी देश का विकास और मानव सेवा हो सकती है। मजलिस से पहले स्कूल के अध्यापक और अध्यापकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पुत्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि वह कांग्रेस के जुझारू नेता थे।

### फोरलेन पर मिली अज्ञात महिला की लाश

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर ओवर ब्रिज के समीप फोरलेन पर शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी रही लेकिन समाचार संकलन तक उक्त महिला की पहचान नहीं हो पाई। फिलहाल इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मलमल पुलिया से वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ एक आरोपित युवक को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान भेज दिया। क्षेत्र के आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमल पुलिया पर मुखबिर की सूचना पर बीती देर रात कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार ठाकुर हमराहियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे।

# औद्योगिक और शहरी विकास के लिए महायोजना स्वीकृत

**गुड न्यूज**

**बोर्ड का यह निर्णय भदोही के लिए साबित होगा वरदान**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

भदोही। लोक भवन लखनऊ में शुक्रवार को आलोक कुमार, प्रमुख सचिव सूक्ष्म लघु मध्यम एवं मध्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन की अध्यक्षता में भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 84 बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिलाधिकारी भदोही विशाल सिंह ने बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव रखे गए। बीडा महायोजना-2041 के प्रख्यापन हेतु बोर्ड ने महायोजना की स्वीकृति प्रदान की एवं इसके सन्दर्भ में सुझाव एवं आपत्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बीडा के अधिसूचित क्षेत्र का विस्तृत विकास महायोजना स्वीकृति के बाद किया जायेगा।

इसमें सड़कों की चौड़ीकरण जल संरचना हेतु तालाब वन्य पर्यावरण तथा जल निकासी पार्क फल एवं सब्जी मण्डी इत्यादि संरचनाओं का भी प्राविधान महायोजना में किया गया है। इससे जनपद भदोही को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस किया जायेगा। महायोजना के अन्दर ग्रीन एरिया हेतु चिन्हित भूखण्ड पर झील एवं पार्क का प्राविधान किया जायेगा। जिससे स्थानीय लोगो को बेहतर सुविधाओं के साथ हजारों की संख्या में रोजगार प्राप्त होगा। प्राधिकारी बोर्ड में प्रमुख सचिव, वित्त, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, निदेशक उद्योग कानपुर, प्रबन्ध निदेशक जल निगम, मुख्य नगर नियोजक के प्रतिनिधि के अतिरिक्त बृजेश सिंह वित्त अधिकारी बीडा, अनीता देवी, उप कार्यपालक अधिकारी, अमिताभ रंजन दास आदि मौजूद रहे।

# आधा दर्जन तस्कर 72 किलो गांजा संग गिरफ्तार

गोपीगंज। पुलिस अधीक्षक डॉ .मीनाक्षी कात्यायन ने जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम व मादक पदार्थों की बरामदगी तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सभी संबंधित को निर्देश दिया हैं।

एसपी के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षक व क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में थाना गोपीगंज पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की रात मुखबिर के सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान गोपीगंज मिजार्पुर रोड रैपुरी ईंट भट्ठा के पास से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के आधा दर्जन शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारशुदा गांजा तस्करों के कब्जे से दो लग्जरी चार पहिया वाहन में छुपा कर ले जा रहे 72 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा जिसकी कीमत 22 लाख रुपए तथा 6 एंड्राइड मोबाइल फोन, एक टैबलेट, पांच आधार कार्ड व 1680 रुपए नगद बरामद किया गया है। बरामदशुदा गांजा व तस्करी में प्रयुक्त वाहनों की कुल अनुमानित कीमत 42 लाख रुपए बताई जाती है। गिरफ्तारी में संतोष कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज, उ.नि. संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा गोपीगंज, उ.नि. श्याम जी यादव, उ.नि. कृष्णरतन श्रीवास्तव,सुनील कन्नौजिया आदि शामिल रहें।



## नाली की सफाई न कराने से झरना बना ओवर ब्रिज

गोपीगंज। नगर में बना ओवर ब्रिज झरना बन गया है। बारिश के पूर्व ओवर ब्रिज पर बनी नाली व लगी जाली की सफाई न कराए जाने से पहलवान बीर मंदिर से लेकर गिराई पेट्रोल पंप तक बना ओवर ब्रिज झरना बन गया है। जब कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हर माह ओवर ब्रिज व राजमार्ग की देखरेख व मेंटेनेस के नाम पर लाखों रुपए खर्च करती है। सड़क चौड़ी करण के दौरान नगर मे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। ओवर ब्रिज के साथ बनाई गई सड़क पर जल निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया गया है। ओवर ब्रिज की जल निकासी के लिए पाइप के साथ पिलर के सहारे मोटी पाइप लगाया गया है। लेकिन देखरेख व मेंटेनेस का जिम्मेदार की लापरवाही से समय पर उसकी सफाई न कराए जाने से जल निकासी के लिए पिलर पर लगा पाइप जहां सूखा पड़ा है वही लगभग चार किलोमीटर के दायरे मे बना ओवर ब्रिज का दोनों लेन झरना बन गया है। ओवर ब्रिज पर जमा पानी ऊपर से गुजरने वाले वाहनों के झोंके से नीचे आ जाता है। इसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि बारिश बंद होने के बाद भी कई दिन तक पानी टपकता रहता है। ओवर ब्रिज पर लगातार बना जल जमाव कभी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुये ओवर ब्रिज की सफाई कराने की मांग की है।

संपादकीय

## अवर्तमान भारतीय प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली पर लगा प्रश्न चिन्ह

वर्तमान भारतीय प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली एक कठोर और बहुआयामी तंत्र है जिसे देश के भीतर विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक पदों के लिए उम्मीदवारों का मूल्यांकन और चयन करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रणाली के केंद्र में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा है, जिसे भारत में सबसे कठिन और सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक माना जाता है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) में तीन चरण होते हैं, प्रारंभिक परीक्षा (प्रारंभिक), मुख्य परीक्षा (मुख्य) और व्यक्तित्व परीक्षण। प्रत्येक चरण को उम्मीदवार के ज्ञान, विश्लेषणात्मक क्षमताओं और व्यक्तित्व लक्षणों का मूल्यांकन करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया जाता है। ये परीक्षाएं स्कूल छोड़ने वाली परीक्षाओं से लेकर पेशेवर योग्यता परीक्षाओं तक विभिन्न स्तरों पर होती हैं और इनमें संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी), सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) और राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET) जैसी प्रमुख परीक्षाएं शामिल हैं।

भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं की एक मजबूत प्रणाली है, जो हर साल लाखों छात्रों के शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली की विशेषता इसकी उच्च दांव और तीव्र प्रतिस्पर्धा है, जिसमें लाखों उम्मीदवार सीमित संख्या के पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं तथा वर्षों समर्पित अध्ययन करते हैं। यह प्रतिस्पर्धा देश पर में अनगिनत व्यक्तियों के करियर को आकार देती है।

भारत में प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली व्यापक होने के बावजूद अत्यन्त चुनौतीपूर्ण है। पेपर लीक, कदाचार और प्रणालीगत दोष जैसे मुद्दों ने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण चिंताओं को जन्म दिया है। हाल के वर्षों में, प्रश्न पत्र लीक होने की घटनाओं ने नेट की विश्वसनीयता को प्रभावित किया है। उदाहरण के लिए, दिसंबर 2021 में, यूजीसी-नेट के पेपर के लीक होने की खबरें आईं, जिसके कारण व्यापक विरोध हुआ और परीक्षा प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए सख्त उपायों की मांग की गई। इसके परिणामों में विलंबित परिणाम, पुनः परीक्षण और उम्मीदवारों के बीच चिंता बढ़ना, परीक्षा प्रणाली की प्रभावकारिता पर सवाल उठाना शामिल था।

एनईईटी को भी इसी तरह के मुद्दों का सामना करना पड़ा है। सितंबर 2021 में, एनईईटी प्रश्न पत्र लीक होने का एक हाई-प्रोफाइल मामला सामने आया था, जिसमें छात्रों और कोचिंग सेंटर के कर्मचारियों सहित कई व्यक्तियों की गिरफ्तारी शामिल थी। इस घटना ने राष्ट्रव्यापी आक्रोश पैदा कर दिया, जिसमें सख्त सुरक्षा उपायों और परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के इस्तीफे की मांग की गई। नेट 2024 के पेपर लीक होने और एनईईटी-2024 के परिणामों के हालिया मामलों ने इस प्रणाली के साथ-साथ एनटीए पर भी सवालिया निशान लगा दिया है। परीक्षा का पेपर लीक एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसने विश्व स्तर पर शैक्षिक प्रणालियों को त्रस्त कर दिया है। भारत में, दो सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एन. ई. ई. टी.) और राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एन. ई. टी.) को भी ऐसे संकटों का सामना करना पड़ा है। ये परीक्षाएं क्रमशः चिकित्सा और शैक्षणिक करियर के लिए प्रवेश द्वार हैं, और उनकी ईमानदारी में किसी भी समझौते के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

युवा इन परीक्षाओं के लिए अक्सर वर्षों तक सख्ती से तैयारी करते हैं। एक पेपर लीक होना, उनकी कड़ी मेहनत को कमजोर करता है और अन्याय की भावना को जन्म देता है, जिससे मनोवैज्ञानिक तनाव और चिंता होती है। भारत की विडम्बना यह है कि युवा जोकि देश का भविष्य हैं, वह आज शिक्षा एवम् नौकरी के लिये भ्रष्ट तंत्र के कारण चिलचिलाती धूप में सड़क पर आ गया है। शिक्षा माफियाओं का भ्रष्ट तंत्र इतना हावी हो चुका है कि देश में विगत 45 वर्षो से संयुक्त प्रवेश की परीक्षा एवम् नौकरी के लिये भर्ती परीक्षाओं के अन्दर सेंध लगाकर उनकी निष्पक्षता पर प्रश्न चिहन लगा चुका है जिस कारण ये परीक्षायें रदद् करनी पड़ी और छात्रों को उनकी चिर प्रतिक्षित नौकरी से हाथ धोना पड़ा। उन्हें अपने भविष्य की शिक्षा से वंचित होना पड़ा।

योग्य उम्मीदवार का नुकसानः कार्यबल की गुणवत्ताः जो चिकित्सा प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण एन. ई. ई. टी. के लिए, समझौता की गई परीक्षाओं के परिणामस्वरूप कम सक्षम व्यक्ति चिकित्सा पेशे में प्रवेश कर सकते हैं। इसका सीधा असर देश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ सकता है।

अकादमिक सत्यनिष्ठा-नेट के मामले में, समझौता की गई परीक्षाओं से कम योग्यता वाले व्यक्ति शिक्षा में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

डिजिटल सुरक्षाः परीक्षा पत्रों के लिए उन्नत एन्क्रिप्शन और डिजिटल ट्रैकिंग विधियों को लागू करने से पेपर लीक होने से रोकने में मदद मिल सकती है।

Artificial Intelligence based proctored ऑनलाइन परीक्षाः प्रश्न पत्रों के कई सेटों के साथ एक सुरक्षित Artificial Intelligence based Proctored ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली की ओर बढ़ने से लीक होने का खतरा कम हो सकता है।

नीति और शासनःछात्रों, अधिकारियों और तीसरे पक्ष सहित पेपर लीक में शामिल लोगों के लिए कड़े दंड को लागू करना एक निवारक के रूप में कार्य कर सकता है। परीक्षा प्रक्रिया की नियमित लेखा परीक्षा आयोजित करने और परीक्षा के संचालन की देखरेख के लिए स्वतंत्र निकायों को नियुक्त करने से ईमानदारी बनाए रखने में मदद मिल सकती है। छात्रों, शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों को परीक्षाओं में नैतिक व्यवहार के महत्व के बारे में शिक्षित करने से सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। रिपोर्टिंग तंत्रः संदिग्ध पेपर लीक के लिए अनाम रिपोर्टिंग तंत्र स्थापित करने से समय पर पता लगाने और रोकथाम में मदद मिल सकती है।

एन. ई. ई. टी. और एन. ई. टी. जैसी उच्च-दांव वाली परीक्षाओं में परीक्षा पत्रों के लीक होने से उम्मीदवारों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली की अखंडता और सामाजिक संरचना पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। यह छात्रों के जीवन को बाधित करता है, शैक्षणिक संस्थानों में विश्वास को कम करता है और पेशेवर क्षेत्रों पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इस मुद्दे को हल करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें तकनीकी नवाचार, कठोर नीतियां और नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास शामिल हैं।

**डॉ. दीपा शर्मा**
**कुलपति, आईआईएमटी, विश्वविद्यालय, मेरठ**




## विश्व विजेता होने का गर्व

डॉ.दीपकुमार शुक्ल



बीते 29 जून को भारतीय क्रिकेट टीम ने कैरेबियन देश बारबाडोस के ब्रिजटाउन में स्थित कैसिंग्टन ओवल स्टेडियम की जमीन पर दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से पराजित करते हुए इतिहास रच दिया। जिससे 17 साल बाद टी20 क्रिकेट विश्व कप की भारत में वापसी सम्भव हुई। जबकि भारतीय टीम का 2011 के बाद यह पहला खिताब है। साल 2011 के वन-डे क्रिकेट विश्व कप में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में श्री लंका को पराजित करके भारत विश्व विजेता बना था। वहीं 2007 में टीम इण्डिया ने महेन्द्र सिंह धोनी के ही नेतृत्व में पाकिस्तान को धूल चटाकर टी20 विश्व कप अपने नाम किया था। इससे पूर्व सन 1983 में वेस्टइंडीज को हराकर भारत पहली बार वन-डे क्रिकेट का विश्व चौम्पियन बना था। तब कपिल देव भारतीय टीम के कप्तान थे।

29 जून 2024 को इण्डियन क्रिकेट टीम के चौथी बार विश्व विजेता बनने के बाद शायद ही कोई ऐसा देशवासी रहा हो, जिसे इस बात पर गर्व न हुआ हो। क्रिकेट से बिलकुल भी रूचि न रखने वाले महानुभावों को भी गर्व से छाती फुलाए हुए देखा गया। वहीं क्रिकेट प्रेमियों को तो जैसे खजाना मिल गया हो। गाँवों से लेकर शहर की गलियों तक लोग पटाखे फोड़ते और मिठाई बांटते नजर आये। मुकाबला भी बड़ा रोमांचक रहा। मैच के दौरान एक बार तो लोगों को ऐसा लगा कि भारत जीत से काफी दूर चला गया है। क्योंकि भारतीय टीम द्वारा जीत के लिए दिये गये 177 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीकी टीम को आखिरी 24 गेंदों में मात्र 26 रन चाहिए थे। अनेक लोग तो टीवी छोड़कर घर से बाहर निकल आये। परन्तु आत्मविश्वास से भरपूर लोग चमत्कार की आशा से टीवी स्क्रीन पर अपनी नजरें गड़ाये रहे और हुआ भी चमत्कार जैसा ही। 17वें ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने बाजी पलट दी और फिर अफ्रीकियों को संभलने का मौका नहीं मिला। इस ओवर की बालिंग कर रहे हार्दिक पांड्या ने क्रीज पर जमें हेनरिक क्लासेन को बाहर का रास्ता दिखा दिया और मात्र चार रन दिये। 18वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने मात्र 2 रन देकर एम.जानसेन को पैवेलियन वापस भेज दिया। 19वें ओवर में अर्शदीप ने अफ्रीकियों को मात्र 4 रन लेने दिये। आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन की जरुरत थी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों और फील्डरों ने उन्हें कहीं से कोई अवसर नहीं दिया। 20वें ओवर की पहली ही गेंद पर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका टीम के खेवनहार लग रहे डेविड मिलर को आउट कर दिया। यहाँ सूर्य कुमार यादव की भूमिका बहुत जोरदार रही। क्योंकि ऑफ स्टम्प के बाहर डाली गई लो फुल टॉस पर मिलर ने लॉंग ऑफ की तरफ शॉट खेला। गेंद सीधे बाउंड्री लाइन के बाहर जा रही थी। जिसे सूर्य कुमार ने सीमा रेखा के ठीक आगे लपका। इस बीच उनके शरीर का बैलेंस कुछ बिगड़ा, जिससे वह सीमा रेखा के बाहर जाने लगे। अतः उन्होंने गेंद को अन्दर उछाल दिया और दोबारा अन्दर आकर कैच पूरा किया। उनका यह प्रदर्शन बेहद रोमांचक रहा। जिसके लिए उन्हें टीम मैनेजमेंट की तरफ से बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच का मेडल भी दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के बैट्समैन कगिसो रबाडा ने आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर चार तथा तीसरी गेंद पर एक रन लेकर दक्षिण अफ्रीका की जनता को थोड़ी राहत दी। परन्तु चौथी गेंद पर बैट्समैन केशव महाराज ने मात्र एक रन बनाकर पुनः निराश कर दिया। इसके बाद की अगली गेंद वाइड चली गयी। लेकिन पांचवी गेंद पर कसिगो रबाडा को हार्दिक पांड्या ने सूर्य कुमार के हांथो कैच करवाते हुए चलता कर दिया। आखिरी गेंद पर दक्षिण अफ्रीका को मात्र एक रन मिला और भारत ने टी20 विश्वकप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस मैच के बाद हार्दिक पांड्या को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) द्वारा दुनिया का नम्बर एक आलराउण्डर क्रिकेट खिलाड़ी घोषित किया गया है।

फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 बनाये थे। जिसमें सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने 76, अक्षर पटेल ने 47 तथा शिवम दुबे ने 27 रन लेकर स्कोर को मजबूत स्थिति पर पहुँचाया था। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 169 रन ही बना पायी। इस तरह रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने 2011 के बाद क्रिकेट विश्व कप के सूखे को समाप्त करते हुए दूसरी बार टी20 तथा चौथी बार विश्व विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके अलावा गर्व करने वाली एक विशेष बात यह भी है कि पूरे टूनार्मेंट में भारत एक भी मैच हारा नहीं है। इस तरह बिना कोई मैच गवांये टी20 विश्वकप जीतने वाला भारत पहला देश बना। भारतीय क्रिकेट कण्ट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपए बतौर पुरस्कार देने की घोषणा की है। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) द्वारा वर्ल्ड कप विजेता भारत को 20 करोड़ 42 लाख रुपए तथा उप विजेता दक्षिण अफ्रीका को 10 करोड़ 67 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी है।

गौरतलब है कि अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) द्वारा हर दो साल में आयोजित होने वाला टी20 विश्व कप क्रिकेट का बेहद रोमाचंक मुकाबला है। जिसमें 20 ओवरों में अधिक से अधिक रन बनाने का प्रयास किया जाता है। पहला टी20 वर्ल्ड कप वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया था। जिसका फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था। तब भारत ने पाकिस्तान को परास्त करते हुए टी20 विश्व कप प्राप्त किया था। तब से यह टूनार्मेंट लोकप्रियता के सोपान दर सोपान चढ़ते हुए क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक बन गया है। इस बार की प्रतियोगिता में भारत सहित विश्व की 20 टीमों ने प्रतिभाग किया था। जिनमें भारत, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्ला देश, इंग्लैण्ड, आयरलैण्ड, न्यूजीलैण्ड, नीदरलैण्ड, स्कॉटलैण्ड, पाकिस्तान, श्री लंका, पापुआ न्यू गिनी, ओमान, वेस्टइंडीज, नेपाल, संयुक्त राज्य अमेरिका, युगांडा, नामीबिया तथा कनाडा की टीमें शामिल हैं। अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने किसी भी टीम को सम्मान राशि से वंचित नहीं रखा। सेमी फाइनल तक पहुँचने वाले इंग्लैण्ड और अफगानिस्तान प्रत्येक को 6.56 करोड़ रुपये प्रदान किये गये हैं। वहीं दूसरे राउण्ड में बाहर होने वाली प्रत्येक टीम को 3.18 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। दूसरे राउण्ड में बाहर होने वालों में संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज एवं बांग्ला देश की टीमें शामिल हैं। 9वें से 12वें स्थान तक रहने वाली प्रत्येक टीम को 2.06 करोड़ रुपए की सम्मान राशि का भुगतान किया गया है। इस श्रृंखला में पाकिस्तान, स्कॉटलैण्ड, न्यूजीलैण्ड एवं श्री लंका का नाम शामिल है। जबकि 13वें से 20वें स्थान पर रही प्रत्येक टीम को 1.87 करोड़ रुपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिये गये हैं। यह राशि प्राप्त करने वाले देश नीदरलैण्ड, नेपाल, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी, नामीबिया, ओमान, आयरलैण्ड तथा कनाडा हैं। इसके अलावा सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच जीतने वाली प्रत्येक टीम को प्रति मैच 26, 26 लाख रुपए की अतिरिक्त धनराशि दी गयी है।

टी20 वर्ल्ड कप की ट्राफी जीतने के बाद भारतीय टीम के हौसले बुलन्द होना स्वाभाविक है। हर देशवासी को अपेक्षा है कि आगे भी यह टीम ऐसे ही जोरदार प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन करेगी। हालाकि इस बीच खबर यह भी आयी है कि कप्तान रोहित शर्मा, आल राउण्डर रवीन्द्र जडेजा तथा सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। इससे उनके प्रशंसक निराश हो सकते हैं। परन्तु भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बशर्ते ईमानदारी से उन्हें अवसर दिया जाये। ऐसी अपेक्षा भारतीय क्रिकेट कण्ट्रोल बोर्ड से की जानी चाहिए।

## अंधविश्वास, धर्म, शोषण और त्रासदी

गिरीश्वर मिश्र

आज के जटिल तनावों के बीच साधारण आदमी मन की शांति भी चाहता है और अपनी तमन्नाओं को फलीभूत भी करना चाहता है। इन दोनों कामनाओं की पूर्ति के लिए वह भटकता रहता है। उस मनस्थिति में अगर कोई उठ कर हाथ थामने का स्वाँग भी भरे तो बड़ी राहत मिलती है। कुछ ऐसा ही हुआ जब भक्ति, समर्पण और जीवन में उत्कर्ष की आकांक्षा लिए निष्ठा के साथ इकट्ठा हुए श्रद्धालु भक्तों के हुजूम के बीच अचानक हुई भगदड़ के दौरान बीती दो जुलाई को सवा सौ लोगों को असमय ही अपनी जानें गंवानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए । यह विचलित कर देने वाला दुखद हादसा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर हाथरस के एक गांव में हुआ। यह मानवीय त्रासदी जनता, धर्म गुरुओं, उपदेशकों और जन-व्यवस्था के लिए ज़िम्मेदार सरकार सब के सामने कई तरह के सवाल छेड़ गई । आज इक्कीसवीं सदी के ज्ञान युग में विकसित भारत का दम भरने वाले, विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था का सपना संजोने वाले हम सब को विचार के लिए बाध्य कर रही है। हमें सोचना होगा और व्यवस्था में सुधार लाना होगा। सामाजिक स्तर पर मानसिकता में सुधार की भी गुंजाइश है। राजनीतिक और सामाजिक विमर्श में तर्क, वैज्ञानिक बोध और आध्यात्मिकता के महत्व की अनदेखी नहीं की जा सकती। सब कुछ धन सम्पदा और अर्थ से ही नही चलेगा झ न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः । हम सब मानव स्वभाव की रीति-नीति और उतार चढ़ाव को विस्मृत नहीं कर सकते।

इस भीषण दुर्घटना के नायक सूरजपाल सिंह जाटव उर्फ. परमात्मा भोले बाबा नारायण साकार हरि नामक शख़्स है। अब तक मीडिया में आई जानकारी के अनुसार यह एक भूतपूर्व सजायाफ़्ता पुलिस कर्मी और वर्तमान में स्वघोषित और स्वयंभू धर्म गुरु हैं जो जनता के आध्यात्मिक मार्ग दर्शक बन कर लोकोपकार में जुटे हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जातियों और गरीबों के बीच उनहोने उद्धारकर्ता के रूप में अपनी अच्छी खासी मसीहाई कि स्म की छवि बना ली है । उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, और उत्तराखंड में इस बाबा की आवाजाही है। वहाँ पर उनकी अच्छी पैठ बन चुकी है। भोली-भाली गरीब जनता में प्रसिद्धि फैली हुई है कि साकार हरि के आश्रमों में लगे हैंड पम्प से निकलने वाला पानी अनेकानेक रोगों की दवा है। इसी तरह उनकी चरण-धूलि की भी प्रसिद्धि है। उसे स्वास्थ्यवर्धक, कल्याणकारी और विघ्न विनाशक घोषित किया गया है । आज एटा, मैनपुरी, कासगंज तथा आगरा आदि कई स्थानों पर भोले बाबा के आश्रम बन गए जहां उसके अनुयायियों ने गुरु के लिए सर्वसुविधासम्पन्न आलीशान व्यवस्था बना दी है । स्वयं साकार हरि सफेद सूट धारण करते हैं और आधुनिक रुचि की वस्तुओं के शौकीन हैं। अपनी भव्य प्रस्तुति में वह ईश्वरीय सत्ता को उपस्थित करते हैं और अधर्म के नाश को अपना उद्देश्य बताते हैं। आम जनता में वे भोले बाबा के रूप में विख्यात हैं।

प्राप्त सूचना के अनुसार हाथरस में घटनास्थल पर भोले बाबा का प्रवचन और सत्संग चल रहा था। मौके पर पुलिस भी थी और कुछ सरकारी अधिकारी भी थे, पर एकत्र हो गए जन समूह के आकार के हिसाब से इनकी संख्या बहुत कम थी । इस समागम में दो लाख से भी अधिक लोग दिव्य सत्संग का लाभ उठाने के लिए उपस्थित हुए थे, हालाँकि सूचना के मुताबिक मुख्य सेवादार ने इस कार्यक्रम में सिर्फ. अस्सी हजार लोगों के उपस्थित होने के लिए ही सरकारी स्वीकृति ली थी । भक्तों में प्रचारित मान्यता के अनुरूप वहाँ जुटी




विशाल भीड़ परमात्मा जिस पथ पर चलते हुए आगे गए थे उस पथ पर फैली-पसरी पवित्र और चमत्कारी चरण-रज इकट्ठा करने के लिए व्यग्र हो गई और दौड़ पड़ी । लोग चल पड़े और अपर्याप्त व्यवस्था के चलते उमड़ती भीड़ के आग सब कुछ बेकाबू होता गया। बाबा के शरीर-रक्षकों के साथ वहाँ उपस्थित कुछ भक्तों और अनुयायियों के बीच हाथापाई हुई। भीड़-भड़क्का अनियंत्रित होता गया और अव्यवस्था का दायरा बढ़ता गया और तभी लोगों में भगदड़ मच गई । सब कुछ बेलगाम अनियंत्रित होता गया। बताया जाता है कि हाई वे से नीचे लगे खेत में लोग एक दूसरे पर गिरते रहे और कुचले जाते रहे । वे गिरने और कुचले जाने के अलावे कुछ न कर सकने की स्थिति में थे । मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक है । इन (सबसे बेखबर!) या इस घटना क्रम को दर किनार करते हुए बाबा अपनी मोटर गाड़ी में बैठ आगे चल दिए थे । बाबा के राजनीतिक सम्पर्क हैं। वे एफ आइ आर में दर्ज नहीं हैं न ही अभी तक उनका कोई पता है।वे फरार हैं और कहीं भूमिगत हैं और उन पर कोई कारवाई नहीं हो सकी है । कुछ सेवादार जरूर पकड़े गए हैं।

एक गाँव में दो ढाई लाख की भीड़ का जुटना और वहाँ सत्संग में जमे रहना लोगों के सामाजिक और मानसिक गतिकी की तरह भी इशारा करता है। निश्चय ही उत्साह, उमंग, जिज्ञासा और अपना जीवन संवारने की अभिलाषा भीड़ के उमड़ने में खास कारण रही होगी। भीड़ में पहुँच कर सचेत व्यक्ति भीड़ के अचेतन व्यक्तित्व में समा जाता है, वह स्वतंत्र व्यक्ति नहीं रह जाता । भीड़ को सबसे अस्थिर और अस्थायी समूह कहा जा सकता है। भीड़ तकनीकी दृष्टि से मूलतः असंगठित होती है परंतु उसमें आने वाले लोगों में आयु, रुचि, क्षेत्र, भाषा तथा व्यवसाय आदि में समानता होती है। भौतिक निकटता का भी बड़ा असर होता है। भीड़ में लोगों के बीच आपस में रिश्ता भी जल्दी बनता है और टूटता भी है। अक़्सर समान या साझे की रुचि लोगों को एक दूसरे के निकट लाती है और भीड़ का हिस्सा बनने में मददगार होती है । भीड़ में पहुँच सभी व्यक्तियों के भाव और विचार की धारा एक ही दिशा में बहने लगती है । इसलिए जब भीड़ जुटती है तो एक संक्रामक स्थिति बन जाती है। तब एक उत्तेजना उठती है और लोगों के बीच एक कि स्म की पारस्परिक सहानुभूति का प्रसार और विस्तार शुरू हो जाता है। लोगों की भावनाओं के लक्षण और अभिव्यक्ति में एक सामूहिक प्रभाव झलकता है। व्यक्ति के अपने निजी तर्क की जगह सामूहिक तर्क चलने लगता है। एक हद तक अदूरदर्शिता आ जाती है। आगे का कुछ सूझता नहीं है। तब आदमी में बुद्धि की जगह संवेदना और घोर भावात्मकता काम करने लगती है। भीड़ में आ कर निजी या व्यक्तिगत विशेषताएँ खो जाती हैं। लोग अक़्सर अपने मित्रों और परिचितों के साथ ही जमावड़ों में जाते हैं। ऐसे में निजी स्व (सेल्फ) पिछड़ जाता है और सामाजिक पहचान ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। भीड़ में आकर "मैं" की जगह "हम" का बोध प्रबल हो कर काम करने लगता है। भीड़ के बीच उसका हिस्सा होने के बाद लोग अपने को भुला कर समूह के मानकों, मूल्यों और व्यवहार रूपों को अपनाने लगते हैं। सभी जुट जाते हैं और ध्येय एक होने से सभी एक ही चीज को पाने के लिए उद्यत रहते हैं। इस सबके चलते भीड़ अत्यंत शक्तिशाली हो उठती है।

गौर तलब है कि हाथरस की हृदयविदारक मानवीय त्रासदी में ज्यादातर लोग समाज के हाशिए पर रहने वाले वंचित, गरीब और पिछड़े तबके से आए थे। फजी बाबा, तांत्रिक और ऐसे ही नकली स्वामी गणों की अपने देश में आज भी एक लम्बी सूची है जो लोगों को भरमा-फुसला कर शोषण करते आ रहे हैं। ऐसी घटना भी नई नहीं बल्कि पहले की घटनाओं की पुनरावृत्ति है। अंध-विश्वास, अवैज्ञानिक सोच और लचर सरकारी व्यवस्था आदि की भारी गठरी सिर पर ढोते हुए हम सब विकसित भारत के भविष्य की उदात्त-यात्रा पर चल रहे हैं। भीड़ में भेंड़-चाल चलते, लाचार, हारे थके, अपने लिए रास्ते ढूँढते दुखियारे लोग इस तरह की घटनाओं के शिकार होते रहते हैं। उनकी एक ही चाहत होती है कि उनको अपने कष्टों से त्राण मिल सके। लाचार बदहाल लोग ही हाथरस त्रासदी के पीड़ितों में ज्यादा थे और मृतकों में 108 महिलाएँ थीं। घायलों को चिकित्सा सुविधा मुहैया करना भी कठिन था। प्रशासन और आयोजक दोनों ही इस तरह की अनहोनी के लिए तैयार न थे। न एम्बुलेंस, न डाक्टर, न अस्पताल किसी भी चीज की व्यवस्था अपर्याप्त सिद्ध हुई। समानता, समता, समाजवाद, भाई-चारा, धर्म-निरपेक्षता, महिला सशक्तीकरण, गरीबी उन्मूलन आदि का नारा देश में पिछले कई दशकों से लगाया जा रहा है पर यह त्रासदी मंथन के लिए मजबूर कर रही है कि हम बहुत कुछ सतही स्तर पर ही करते रहे हैं। इस तरह की विभीषिका समाज और सरकार सबके लिए चेतावनी है कि समाज में अच्छी शिक्षा का विस्तार हो, विवेक बुद्धि का विकास हो और व्यवस्था चाक-चौबंद हो जिसमें कुत्सित बाबा जैसे अपराधियों को समय पर दंड मिले।

## बिहार के ढहते हुए सेतु



अतीतकाल से ही बिहार राज्य सम्पूर्ण विश्व में आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस राज्य में नालन्दा, तक्षशिला, विक्रमशिला आदि विश्वविद्यालय शिक्षा के प्रमुख केन्द्र रहे हैं, यह राज्य महात्मा बुद्ध की कर्मस्थली रहा है एवं भगवान श्रीराम का भी बिहार से अटूट संबंध रहा है। ऐसा ऐतिहासिक महत्व वाला बिहार राज्य वर्तमान में असामाजिक तत्वों तथा भ्रष्टाचार का केन्द्र बना हुआ है, जहाँ कोई भी उद्योगपति अपना व्यवसायिक कार्य प्रारम्भ नहीं करना चाहता और ना ही शिक्षा के क्षेत्र में कोई निवेश करना चाहता है। जिस बिहार राज्य पर उसकी विशिष्टताओं के कारण बिहार की जनता गर्व का अनुभव करती थी, आज वही बिहार उन्हें शर्मसार कर रहा है। राजनीति के क्षेत्र में पलटूराम की राजनीति भी बिहार से ही प्रारम्भ हुई हैं।

विगत एक माह के अन्तराल में बिहार राज्य में नदियों एवं अन्य स्थानों पर बने हुए अनेकों नवनिर्मित, निमार्णाधीन एवं कुछ प्राचीन पुल ताश के पत्तों के सदृश धाराशायी हो गए और सतत रूप से इस श्रृंखला में वृद्धि हो रही है। यह ईश्वर की अनुकम्पा है कि इतनी वृहद दुर्घटनाओं के पश्चात भी जान-माल की अधिक क्षति नहीं हुई, परन्तु पुल का गिरना एक अत्यन्त ही अशोभनीय घटना है। यहाँ यह भी ज्ञातव्य होना चाहिए कि स्वतंत्रता से पूर्व भारत में अंग्रेजों के द्वारा प्रमुख नदियों पर बड़े-बड़े पुलों का निर्माण किया गया, जोकि अभी तक भी सुदृढ़ अवस्था में हैं, उनपर आज भी भारी वाहनों का आवागमन होता है। आशा है कि वे सुदृढ़ पुल आगामी 250-300 वर्ष तक बिना किसी मरम्मत के चलते रहेंगे।

चिंतन का विषय यह है कि भारत के इंजीनियरों व ठेकेदारों के द्वारा बनाए हुए पुलों का निर्माण कार्य कितनी उपेक्षा से किया जाता है कि जोकि निर्माणधीन अवस्था अथवा संचालन से पूर्व ही खंडित हो जाते हैं। इन समस्त पुलों का निर्माण परिवहन मंत्रालय द्वारा कराया जाता है, इनका तकनीकी नक्शा भी मंत्रालय के इंजीनियरों के द्वारा तैयार किया जाता है एवं उसमें प्रयोग की जाने वाली निर्माण सामाग्री, यथा - लोहा, सीमेंट, डस्ट आदि भी इंजीनियरों के ज्ञान के अनुरूप ही प्रयोग करके, अन्त में अनेकों उच्च अधिकारियों के द्वारा अपने स्तर पर निरीक्षण कर प्रमाणित किया जाता है। इतना सब होने के पश्चात भी यदि पुल की गुणवत्ता अत्यन्त निम्न स्तर की हो तो उससे दो बाते स्पष्ट होती हैं कि या तो इन पुलों के निर्माण में संलग्न इंजीनियर व अधिकारियों का ज्ञान पूर्ण नहीं है या वे पुल निर्माण कार्य में ही सक्षम नहीं हैं। इसके इतर इन पुलों के निर्माण का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने पुल निर्माण



सामग्री में कुछ हेरा-फेरी की है। दोनों ही स्थितियाँ अत्यधिक शर्मनाक है, क्योंकि पुल के ऊपर दिन-रात असंख्य मनुष्यों का आवागमन होता है और जब ये पुल ही सुदृढ़ नहीं होंगे तो इस प्रकार की दुर्घटनाओं का भविष्य में भी होने पर कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

**योगश मोहन**
**(वरिष्ठ पत्रकार और आईआईएमटी यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति)**

# जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम



हरारे। शुभमन गिल की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से भारी भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 क्रिकेट मुकाबले में जीत से शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ियों के पास इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर रहेगा। भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ इस दौरे में पांच मैचों की सीरीज खेलेगी।

भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे शुभमन गिल ने कहा है कि टी20 विश्वकप में टीम की जीत से हमारा भी मनोबल बढ़ा है। ऐसे में युवा टीम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस दौरे में युवा अभिषेक शर्मा, रियान पराग जैसे खिलाड़ियों पर सभी की नजरें रहेंगी।

इस दौरे में शुभमन की कप्तानी कौशल की भी परीक्षा होगी। पारी की शुरूआत का अवसर रूतुराज गायकवाड़ को मिलना तय है। वहीं अभिषेक अगर पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। वहीं आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतरेंगे। वहीं छठे नंबर पर विकेटकीपर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल में से जिसे अवसर मिलता है उतरेंगे। गेंदबाजी की कमान आवेश खान और खलील अहमद और मुकेश कुमार के पास रहेगी। स्पिनर के तौर पर रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर को अवसर मिलेगा। वहीं दूसरी ओर जिम्बाब्वे की बात करें तो वह भारत से काफी कमजोर है पर इस दौरे में भारतीय टीम को मेजबान टीम के सिकंदर रजा से सावधान रहना होगा। रजा को आईपीएल में खेलने के कारण भारतीय खिलाड़ियों के खेलने का तरीका पता है। इसके अलावा वेलिंगटन मसाकाजा , टेंडाइ चतारा जैसे खिलाड़ियों पर भी अंकुश लगाना होगा। देखा जाये तो भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे:** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

## बुमराह, रोहित, पुरस्कार के लिए नामांकित

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह , कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के अलावा भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना , इंग्लैंड की मैया बाउचिर और श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट के लिए जून माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। बुमराह ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 विकेट लिए थे। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब भी दिया गया है। वहीं रोहित ने टी-20 विश्वकप के आठ मैच में 156.70 स्ट्राइक रेट से नाबाद 257 रन बनाए थे। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 92 रन रहा था। इसके अलावा अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने टी-20 विश्वकप में 35.12 की औसत और 124.33 के स्ट्राइक रेट से कुल 281 रन बनाए। वहीं महिला वर्ग की बात करें तो मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 210 बनाकर टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था। गुणरत्ने और और बाउचिर ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन किया था।



टेक्सास में रहे कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के जूलियन अल्वारेज पैनाल्टी के जरिये गोल करते हुए।

# लंबे समय बाद परिवार से मिले खिलाड़ी

शौर्य न्यूज इंडिया

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतकर टीम इंडिया गुरुवार को भारत लौट आई। रोहित शर्मा की सेना की वापसी से पूरे देश में जश्न का माहौल है। दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय खिलाड़ियों के स्वागत के लिए फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं, जिस होटल में टीम इंडिया पहुंची उसके बाहर भी प्रशंसकों का जमावड़ा देखने को मिला।

भारतीय टीम लगभग एक महीने बाद स्वदेश लौटी है। परिवार से इतने लंबे समय तक दूर रहने के बाद भारतीय खिलाड़ी भावुक हो गए। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि विराट कोहली के स्वागत के लिए उनका पूरा परिवार आईटीसी मौर्य पहुंचा। इस दौरान कोहली उन्हें देखकर भावुक हो गए।

किंग कोहली ने अपने भांजे-भांजियों को मेडल पहनाया। इसकी तस्वीरें उनकी बहन भावना कोहली



ढींगरा ने सोशल मीडिया पर साझा की। वहीं, होटल में कोहली की मां और बहन उनसे मिलने के लिए पहुंची थी। भारतीय टीम के स्वागत के लिए फैंस का जमावड़ा दिल्ली हवाईअड्डे के बाहर देखने को मिला। भारी संख्या में लोग रोहित शर्मा की सेना के स्वागत के लिए पहुंचे। 17 सालों का उनका इंतजार आज खत्म हो गया। भारत ने इससे पहले 2007 में तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को एयरपोर्ट के बाहर उनकी पत्नी के साथ देखा गया। देवीशा के साथ वह काफी खुश नजर आए। वह अपनी पत्नी के साथ टी20 विश्व कप 2024 के लिए वेस्टइंडीज और अमेरिका के दौरे पर पहुंचे थे। भारतीय टीम का होटल में जोरदार स्वागत हुआ। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ केक काटा। इस दौरान सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

## भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया

हरारे। कप्तान शुभमन गिल सहित भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 जुलाई से शुरू होने वाली टी20 सीरीज को देखते हुए जमकर नेट अभ्यास किया है। भारतीय टीम को इस सीरीज में पांच मैच खेलने हैं। टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि टी20 विश्वकप टीम में शामिल अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। इस दौरे में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। टीम में तीन नए खिलाड़ियों साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है। ऐसे में इस सीरीज में शामिल युवाओं के पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर है। भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैच 6 जुलाई, 7 जुलाई, 10 जुलाई, 13 जुलाई और 14 जुलाई को खेलेगी।

# पीएम से बोले हार्दिक- पिछले छह महीने मैंने काफी सहा सोचा था अपने खेल से जवाब दूंगा

नई दिल्ली। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम स्वदेश पहुंच चुकी है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। हार्दिक ने इस दौरान प्रधानमंत्री को बताया कि किस तरह उनके लिए पिछले छह महीने काफी उतार-चढ़ाव भरे रहे और उन्होंने सोचा था कि वह अपने खेल से इसका जवाब देंगे।

टी20 विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल 2024 का आयोजन हुआ था जिसमे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस टीम की कमान संभाली थी। हार्दिक को रोहित शर्मा की जगह टीम की कमान सौंपी गई थी जिससे मुंबई और रोहित के प्रशंसक काफी नाराज थे। उन्होंने मुंबई के घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर हार्दिक की जमकर हूटिंग की थी।

हार्दिक ने पीएम मोदी से बात करते हुए कहा, मेरे लिए छह महीने काफी उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। मैदान पर गया तो लोगों ने हूटिंग की और काफी अन्य चीजों से जूझना पड़ा। मैं हमेशा मानता था कि अगर मैं जवाब दूंगा तो अपने खेल



से दूंगा। उस वक्त भी कहने के लिए कुछ नहीं था और आज भी कुछ नहीं है।

मेरा हमेशा मानना है कि जीवन में कभी जंग के मैदान से भागना नहीं चाहिए। मुश्किल हालात भी यही दिखाता है और सफलता भी इसी से मिलती है। भरोसा था कि मेहनत करेंगे और एक दिन सफलता मिलेगी। फाइनल मुकाबले के आखिरी ओवर में मौका मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने हार्दिक ने पूछा कि उन्होंने अंतिम ओवर में डेविड मिलर का कैच लेने पर सूर्यकुमार से क्या कहा? इस पर हार्दिक ने कहा, सूर्यकुमार ने जैसे ही वो कैच पकड़ा हम सभी खुशी से झूम उठे। इसके बाद मन में आया कि एक बार उनसे पूछ तो लें कि वो कैच लेने को लेकर पक्का हैं या नहीं। सूर्यकुमार ने हमें कहा कि ये मैच का रुख मोड़ने वाला कैच है। जहां हम चिंतित थे, वहीं खुशी में झूम उठे।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 सीजन से ठीक पहले रोहित की जगह हार्दिक को टीम की कमान सौंपी थी। इस फैसले की काफी आलोचना भी हुई थी और हार्दिक के लिए यह सीजन अच्छा नहीं रहा था। हार्दिक के नेतृत्व में मुंबई इंडिंस का प्रदर्शन काफी खराब रहा था और टीम ना सिर्फ प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, बल्कि तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर रही थी।

## अप्रैल–मई में देश का कोयला आयात 5 प्रतिशत बढ़ा, 5 .22 करोड़ टन पर

नई दिल्ली। देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले दो माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 5.3 प्रतिशत बढ़कर 5.22 करोड़ टन रहा है। टाटा स्टील और सेल के संयुक्त उद्यम बी2बी ई-कॉमर्स मंच ‘एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड’ के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले वित्त वर्ष



के अप्रैल और मई माह में कोयला आयात 4.96करोड़ टन रहा था। हालांकि, मई में कोयला आयात मामूली घटकर 2.61 करोड़ टन रहा है। पिछले साल मई में यह 2.65 करोड़ टन था। मई में कोयला आयात 1.43 प्रतिशत घटा है। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि मानसून की शुरूआत के कारण आने वाले सप्ताहों में आयात की मांग कम रहने की संभावना है, जबकि घरेलू बाजार में उत्पादन वृद्धि अच्छी रहनी चाहिए। इसके अलावा आपूर्ति की कमी के कारण समुद्री मार्ग से आने वाले कोकिंग कोयले के दाम चढ़ सकते हैं। इससे देश में खरीदारों की रुचि प्रभावित हो सकती है। मई में कुल कोयला आयात में गैर-कोकिंग कोयले का हिस्सा 1.75 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले साल मई में यह 1.81 करोड़ टन रहा था। कोकिंग कोयले का आयात मई में 50.3 लाख टन रहा, जो मई, 2023 में 51 लाख टन था। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हाल में कहा था कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और कोयला आयात को कम करने का प्रयास करना चाहिए।

# एफएमसीजी कंपनियों को राजस्व वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली । रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। साथ ही इन कंपनियों ने एक अंक की राजस्व वृद्धि का अनुमान जताया है, जिसे ग्रामीण मांग में सुधार और स्थिर शहरी बाजार से मदद मिली है। डाबर, मैरिको और अदाणी विल्मर जैसी सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों ने अपनी ताजा तिमाही सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में मांग में क्रमिक सुधार हुआ, जो उम्मीद के मुताबिक है। घरेलू एफएमसीजी निमार्ता डाबर को घरेलू बाजार में मध्य-एकल अंक में बिक्री बढ़ने और एकीकृत राजस्व वृद्धि मध्य से उच्च एकल अंक में रहने का अनुमान है।

मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में उसका एकीकृत राजस्व उच्च एकल अंक में बढ़ा, जबकि घरेलू व्यवसाय ने क्रमिक आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की। अदाणी विल्मर ने भी जून तिमाही में कुल 13 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने कहा कि उसके खाद्य और एफएमसीजी कारोबार की बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़ी। निमार्ताओं को उम्मीद है कि मार्जिन भी सालाना आधार पर बढ़ेगा। ऐसा जिंस कीमतों में नरमी और लागत-बचत पहल के





चलते होगा। डाबर ने कहा कि तिमाही के दौरान जिंस कीमतें स्थिर रहीं। लागत-बचत पहल के कारण सकल मार्जिन में कुछ वृद्धि होने की संभावना है।

मैरिको को भी सालाना आधार पर सकल मार्जिन में विस्तार की उम्मीद है। कंपनी सफोला, पैराशूट, हेयर एंड केयर, निहार और लिवॉन जैसे ब्रांडों का स्वामित्व रखती है। ग्रामीण बाजार की बिक्री के बारे में, डाबर ने कहा कि जून तिमाही में उसने मांग के रुझान में क्रमिक सुधार देखा और उन क्षेत्रों से वृद्धि में तेजी आई।

## अब 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार–विमर्श पूरा कर लिया है। सीतारमण 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक ‘विकसित भारत’ का रास्ता तैयार करेगा। पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि आगामी बजट सत्र में कई ऐतिहासिक कदम और बड़े आर्थिक फैसले लिए जाएंगे। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक को अपने पहले संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा था, ‘यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा।’ उन्होंने कहा था कि इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ–साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आम बजट 2024–25 के लिए बजट पूर्व परामर्श 19 जून से शुरू हुआ और पांच जुलाई, 2024 को समाप्त हुआ। विचार–विमर्श के दौरान 10 हितधारक समूहों के 120 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के अलावा व्यापारिक संगठनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, रोजगार और कौशल, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्योग (एमएसएमई), व्यापार और सेवाएं, उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार और बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे।

## नियंत्रित प्रस्तावों पर विचार करेगा सेबी विशेषज्ञ समूह

कोलकाता। शेयर बाजार में जोखिम भरे वायदा-विकल्प (डेरिवेटिव्स) कारोबार से छोटे निवेशकों को बचाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा गठित विशेषज्ञ समूह सात प्रस्तावों पर विचार करेगा। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विशेषज्ञ समूह इससे जुड़े नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा करेगा। उन्होंने कहा कि समूह के सदस्य निवेशक सुरक्षा को मजबूत करने और इस बाजार खंड में जोखिम में सुधार करने के लिए अल्पकालिक रणनीतियों की सिफारिश करेंगे।



मामले से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई-को बताया कि विशेषज्ञ समूह वायदा और विकल्प (एफएंडओ) कारोबार में शामिल छोटे निवेशकों की सुरक्षा के लिए सात प्रस्तावों के पक्ष और विपक्ष पर विस्तार से विचार-विमर्श करेगा। हम जानते हैं कि 10 में नौ छोटे निवेशक एफएंडओ में पैसा गंवा देते हैं। इस समूह की सिफारिशों पर अंतिम निर्णय द्वितीयक बाजार सलाहकार समिति करेगी।

विकल्प वित्तीय अनुबंध होते हैं, जो धारक को अनुबंध अवधि के भीतर किसी परिसंपत्ति को तय मूल्य पर खरीदने या बेचने का अधिकार देते हैं। सूत्रों के अनुसार, इन प्रस्तावों में साप्ताहिक विकल्पों को युक्तिसंगत बनाना, परिसंपत्तियों की स्ट्राइक कीमतों को युक्तिसंगत बनाना और समाप्ति के दिन कैलेंडर स्प्रेड लाभों को हटाना शामिल है। अन्य चार प्रस्तावों में विकल्पों के खरीदारों से विकल्प प्रीमियम का अग्रिम संग्रह, सौदे करने की सीमा की दिन में कारोबार के दौरान निगरानी, लॉट आकार में वृद्धि और अनुबंध समाप्ति के निकट मार्जिन आवश्यकताओं में वृद्धि शामिल हैं।

# दीपिका ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



मुंबई। मॉम टू बी दीपिका पादुकोण अपने बेहतरीन मैटरनिटी फैशन से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। शुक्रवार को, वह मुंबई में नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचीं, जहां वह एक शानदार साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। दीपिका ने शाम के लिए अपने पहनावे की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। उन्होंने बैंगनी रंग की साड़ी पहनी थी , जिसमें उनका बढ़ता हुआ बेबी बंप दिख रहा था, साथ ही उन्होंने खूबसूरत गोल्डन ज्वेलरी और स्लीक बन हेयरस्टाइल भी बनाया था।

उन्होंने अपनी पोस्ट को कैप्शन दिया, कि बस...क्योंकि यह शुक्रवार की रात है और पार्टी करना चाहती है!!! जिस पर, रणवीर सिंह ने जवाब दिया, ‘हाय! मेरा खूबसूरत जन्मदिन का तोहफा! आई लव यू??’ दीपिका और उनके पति, रणवीर सिंह ने मार्च में अपनी गर्भावस्था की घोषणा की, उनके बच्चे के सितंबर में आने की उम्मीद है। 2018 में शादी के बंधन में बंधे इस जोड़े को अपने जीवन के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतजार है।

प्रसिद्ध सेलिब्रिटी ज्योतिषी और फेस रीडर पंडित जगन्नाथ गुरुजी ने एक दिलचस्प भविष्यवाणी करते हुए कहा है कि दीपिका और रणवीर के घर एक लड़का आने वाला है, जो ‘अपने माता-पिता के लिए राजकुमार’ होगा। रणवीर सिंह ने ‘कल्कि’ की स्क्रीनिंग के बाद गर्भवती दीपिका पादुकोण को कार तक पहुंचाया

दीपिका अपनी मातृत्व यात्रा और स्टाइल की झलकियां साझा करती रही हैं। हाल ही में, उन्होंने प्रसवपूर्व योग करते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने फिट और स्वस्थ रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सेल्फ-केयर महीने के दौरान अपनी 5 मिनट की सेल्फ-केयर रूटीन साझा करते हुए कहा, ‘मुझे अच्छा वर्कआउट पसंद है। मैं ‘अच्छा दिखने’ के लिए नहीं बल्कि ‘फिट महसूस करने' के लिए वर्कआउट करती हूं।’ फोटो में, वह विपरीत करणी का अभ्यास करती हुई दिखाई दीं, एक योग मुद्रा जिसमें दीवार के सहारे अपने पैरों को ऊपर करके लेटना शामिल है। यह कायाकल्प करने वाला आसन अपने कई लाभों के लिए जाना जाता है, जिसमें तंत्रिका तंत्र को शांत करना और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना शामिल है, जो आज की तेज-तर्रार और तनावपूर्ण दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं।

## भारत पहुंचे जस्टिन बीबर, अनंत व राधिका के प्री-वेडिंग में देंगे प्रस्तुति



मुंबई। ‘बेबी’, सॉरी, लव योरसेल्फ जैसे गानों के लिए मशहूर अंतरराष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे। बीबर यहां अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के विवाह समारोहों के तहत होने वाले संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। बीबर इससे पहले 2017 में अपने पहले संगीत कार्यक्रम के लिए भारत आए थे। उन्हें शुक्रवार को स्थानीय पुलिस अधिकारियों और अपनी टीम के साथ मुंबई के कलीना हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया।

दो बार ‘ग्रैमी’ पुरुस्कार प्राप्त कर चुके बीबर ने गुलाबी टी-शर्ट, स्वेटपैंट और लाल टोपी पहनी हुई थी। अटकलें हैं कि बीबर को इस प्रस्तुति के लिए एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय संगीतकार एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे भी शिरकत करेंगे। उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की पुत्री राधिका 12 जुलाई को विवाह बंधन में बंधेंगे।

# देवोलीना ने प्रेग्नेंसी पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी प्रेग्नेंसी की अटकलों को लेकर सुर्खियों में थीं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक लंबे नोट में उन लोगों पर निशाना साधा जो सवाल कर रहे थे कि क्या वह गर्भवती हैं। लगातार गर्भावस्था की अफवाहों के जवाब में, एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने आखिरकार इंस्टाग्राम स्टोरीज के माध्यम से इस मुद्दे को संबोधित किया है। हालांकि उन्होंने अटकलों की पुष्टि या खंडन करने से परहेज किया, लेकिन उन्होंने जनता से उनकी गोपनीयता का सम्मान करने और हस्तक्षेप करने से बचने का आग्रह किया। शनिवार की सुबह, एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कहा कि जब भी उनका मन होगा वह अपनी गर्भावस्था की घोषणा करेंगी और सभी से उन्हें ‘परेशान’ न करने के लिए कहा। देवोलीना ने इस बात पर जोर दिया कि वह अपनी गर्भावस्था की घोषणा तभी करेंगी जब वह इसे साझा करने में सहज महसूस करेंगी।

उन्होंने लिखा कि बहुत से लोग मेरी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी समय से मुझे मैसेज कर रहे हैं, इसके बारे में खबरें बना रहे हैं. मुझे यकीन है कि जब भी मेरा मन आप सभी के साथ ऐसी खबरें शेयर करने का होगा, तो मैं खुद ऐसा करूंगी। फिलहाल, कृपया ऐसा न करें। मुझे परेशान न करें।

उन्होंने आगे कहा कि एक बार जब आपको पता चल जाए कि मैं गर्भवती हूं या नहीं तो आप क्या करेंगे? क्या आप सुर्खियां बनाएंगे, अपना खुद का कंटेंट



बनाएंगे, ट्रोल करेंगे या 2-3 अच्छी चीजें सही करेंगे? लेकिन मुझ पर विश्वास करें, मुझे इनमें से किसी की भी इच्छा नहीं है। यह मेरा निजी स्थान है और आपको मुझे परेशान करने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।

मुझे यकीन है कि अगर कोई आपके व्यक्तिगत स्थान में घुसपैठ करता है या सामग्री बनाता है, तो आपको भी यह पसंद नहीं आएगा। सोशल मीडिया पर खुद को व्यस्त रखने के लिए पर्याप्त सामग्री है। मुझे यकीन है कि अब तक आप सभी समझ गए होंगे कि मुझे हस्तक्षेप पसंद नहीं है मेरा निजी जीवन। धन्यवाद, देवोलीना।

देवोलीना का यह बयान उनके द्वारा ऑनलाइन तस्वीरें साझा करने के एक दिन बाद आया है, जिसमें कुछ लोगों ने कहा कि उनमें बेबी बंप दिखाई दे रहा है। कई इंस्टाग्राम फॉलोअर्स ने टिप्पणी अनुभागों में सवालों और शुभकामनाओं की बाढ़ ला दी, कुछ ने तो उन्हें ‘होने वाली मां’ कहकर भी संबोधित किया।

# पत्नी ने बाबा को माना पति परमेश्वर

## पति का आरोप- बाबा की तस्वीर से पत्नी करती है बातें, गांव में मची सनसनी

आगरा। हाथरस हादसे के बाद सूरजपाल सिंह और उसके अनुयायियों की नई कहानियां सामने आ रही हैं। 1977 में प्यार के बाद शादी करने वाले दंपती के जीवन में सूरजपाल की भक्ति ने दरार डाल दी। 65 वर्ष की पत्नी आस्था में ऐसी मगन हुई कि सूरजपाल को पहले परमात्मा माना और फिर पति परमेश्वर के रूप में स्वीकार कर लिया। वह घंटों सूरजपाल की तस्वीर से बातें करती है।

पति का आरोप है कि बाबा ने उसका घर बर्बाद कर दिया। 70 वर्षीय बुजुर्ग सरकारी इंटर कालेज से सेवा निवृत्त हुए हैं। उनका कहना है कि उनका प्रेम विवाह हुआ था। चार पुत्रियां और एक पुत्र है। सभी की शादी हो चुकी है। यहां से पहले वे धनौली में अपने पैतृक आवास में रहते थे। 10 वर्ष पहले उनकी पत्नी सूरजपाल के सत्संग में जाने लगी। बुजुर्ग का आरोप है कि बाबा ने उसका ऐसा ब्रेनवाश किया कि वह उसे परमात्मा मानने लगी।

रोजाना आश्रम जाना शुरू कर दिया। घर में उसकी कई तस्वीरें लगा लीं। इसके बाद उससे संबंध खत्म करते हुए बाबा को पति परमेश्वर मानना शुरू कर दिया। समझाने का कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने घर में लगी सारी तस्वीरें फाड़ दी तो वह नई तस्वीर ले आई और घंटों तक तस्वीर से बातें करती है। मकान पत्नी के नाम है, यह कहकर घर से बाहर निकालने की धमकी देती है। बुजुर्ग का कहना है कि उनकी पत्नी बाबा की तस्वीर देखकर कहती है कि तुम्हीं मेरे पति परमेश्वर हो, तुम्हारे बिना नहीं रहना है। पत्नी की हरकतों से प्रताड़ित होकर अवसाद में आ गए। दवा लेने से तबीयत बिगड़ गई और चार दिन तक अस्पताल में रहे।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी, दोबारा ससुराल गई तो नहीं मिला कोई

आगरा। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद मुंबई के युवक से मुलाकात हुई। युवक ने बड़ी कंपनी में मोटा पैकेज होने की जानकारी दी। ब्रांडेड कपड़े और हाई फाई रहन सहन देखकर स्वजन ने दोनों की शादी कर दी। दो माह बाद युवती मायके आई। पति लिवाने नहीं आया तो खुद ससुराल पहुंची। वहां जानकारी हुई कि पति और ससुराली वहां किराए पर रहते थे। अब वो कहां हैं किसी को पता नहीं है। काउंसलर ने मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति की है। परिवार परामर्श केंद्र में दंपतियों के विवाद पर काउंसलिंग के दौरान सभी चकित हो गए। नाई की मंडी की युवती ने बताया कि उसकी बीते वर्ष इंस्टाग्राम पर मुंबई के युवक से दोस्ती हुई। युवक ने निजी कंपनी में बड़े पैकेज पर नौकरी करने की जानकारी दी। बातें करते करते प्रेम हो गया। तीन माह पूर्व युवक परिवार के साथ मिलने आगरा आया। उनके ब्रांडेड कपड़े और रईसों वाला रहन सहन देख स्वजन को भरोसा हो गया। दोनों की शादी कर दी। शादी के बाद दो माह ससुराल रहने के बाद वो वापस आगरा आई।

### परामर्श केंद्र में दारूबाज पत्नी की शिकायत

आगरा। राजस्थान के युवक की दो माह पूर्व सिकंदरा की रहने वाली युवती से शादी हुई थी। पत्नी ने मारपीट कर मायके भेजने की शिकायत परामर्श केंद्र में की। काउंसलिंग के दौरान पति ने पत्नी पर रोजाना जमकर शराब पीने और उससे भी शराब पीने की जिद करने की जानकारी दी। पत्नी से पूछा गया तो उसने रोजाना शराब पीने की बात स्वीकार की। उसने कहा कि तीन - चार पैग से कुछ नहीं होता है। पति फालतू मे पंडित बनता है। जान-बूझकर इस बात को मुद्दा बना रहा है। दोनों को अगली तिथि पर स्वजन के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

### चीन से 25 दिन बाद आगरा लाया गया शव

आगरा। 25 दिन बाद चीन में शिप की मरम्मत का काम संभालने के दौरान 12 जून को दिल का दौरा पड़ने से मर्चेंट नेवी इंजीनियर अनिल श्रीवास्तव की मृत्यु हुई थी। सरकार के हस्तक्षेप के बाद रविवार को पार्थिव शरीर उनके निवास पर लाया गया। परिवार को दिखाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौके पर सांत्वना देने के लिए मंत्री योगेंद्र उपाध्याय पहुंचे। 25 दिन से पता था कि पति अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनको अंतिम बार देखने की आस में पत्नी अंजुलता की आंखों के आंसू सूख गए थे। मन में हर वक्त अंतर्द्वंद चल रहा था पर बूढ़ी सास और बच्चों के लिए वो बाहर से खुद को मजबूत दिखाने की हरसंभव कोशिश कर रही थी। कई बार समझ नहीं आता था कि किसे फोन करे और कहां गुहार लगाए कि पति का पार्थिव शरीर घर आ जाए। कागजी उठापटक के बाद रविवार को इंजीनियर का पार्थिव शरीर दिल्ली और फिर आगरा पहुंचा। चाणक्य पुरी स्थित निवास पर 12:45 पर एंबुलेंस पहुंची।

## पति ने पूरी नहीं की पत्नी की डिमांड मामला पहुंचा परामर्श केंद्र, फिर



आगरा। भीषण गर्मी में पत्नी ने पति से कमरे में कूलर लगाने की मांग की। पति ने कुछ दिन बाद तनख्वाह मिलने पर कूलर खरीदने का आश्वासन दिया। इस बात से गुस्सा होकर पत्नी मायके चली गई। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों की सुलह कराई गई है।

काउंसलर डा. सतीश खिरवार ने बताया कि मंटोला के युवक की सदर की युवती से 2020 में शादी हुई थी। दो माह पूर्व घर का कूलर खराब हो गया था। पत्नी ने पति से नया कूलर लगाने के लिए कहा। पति ने तनख्वाह न मिलने का हवाला देकर अगले सप्ताह कूलर लाने की बात कही।

पति का आरोप है कि वो ऑफिस गया था, इसी दौरान पत्नी घर पर ताला लगा कर चली गई। काउंसिलिंग के बाद पति को नया कूलर लगाने को कहा गया। दोनों को सुलह के लिए अगली तिथि पर स्वजन के साथ आने को कहा है।

**प्रेम विवाह के छह माह बाद विवाहिता फंदे पर लटकी :** एत्माद्दौला के श्यामनगर में गृह क्लेश के चलते नवविवाहिता ने पंखे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव को बाहर निकाला।दारोगा हरिओम ने बताया कि श्याम नगर गली नंबर तीन में रहने वाली 22 वर्षीय साधना और मोनू कुमार ने छह माह पूर्व प्रेमविवाह किया था। मोनू कुमार मजदूरी करता है। दोनों शादी किराए पर कमरा लेकर रहते थे। शनिवार दोपहर पड़ोसी की सूचना पर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ शव को कब्जे में लिया। स्वजन को सूचना दी गई है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बने तालाब में पांच बच्चे डूबे, चार की मौत

आगरा। खंदौली में यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बने तालाब में रविवार सुबह आठ बजे पानी में खेलने गए पांच बच्चे डूब गए। सभी की उम्र आठ से 12 वर्ष हैं। बच्चों के नाम हिना, मुन्नी, चांदनी, मुनिया हैं। पुलिस और गोताखोर बच्चों की तलाश में जुटे हैं। चार बालिकाओं की मौत हो गई है। इनमें तीन की मौके पर ही मौत हो गई और एक की स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर मृत्यु हुई है। यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बारिश के दौरान आने वाले पानी को बहाने के लिए एकत्रित करने के लिए तालाब बनाया गया है। रविवार सुबह आठ बजे सड़क किनारे झुग्गियों में रहने वाले 10 बच्चे वहां खेलने गए थे।

## दूल्हे की गाड़ी पर दुल्हन के प्रेमी ने की फायरिंग

### सनसनी : पुलिस को नहीं मिली तहरीर




जागरणड्ढमंडी धनौरा। शादी रचाने जा रहे दूल्हे की गाड़ी पर दूल्हन के प्रेमी ने फायरिंग कर सनसनी फैला दी। थाना क्षेत्र के गांव के रहने वाले युवक का निकाह बिजनौर जनपद के थाना चांदपुर अंतर्गत ग्राम निवासी युवती से तय हुआ था।

बताते हैं की युवती का किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। रिश्ता तय होने के बाद प्रेमी ने युवक को फोन कर निकाह नहीं करने की चेतावनी दी थी। इस चेतावनी की अनदेखी कर सोमवार को बारात गांव के लिए रवाना हुई।

जैसे ही दूल्हे की गाड़ी गांव भूतपुरा के निकट अमरोहा व बिजनौर जनपद को सीमा के निकट पहुंची तो यहां बाइक सवार युवक ने कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान गोली लगने से गाड़ी का शीशा भी टूट गया। किसी तरह दूल्हा जान बचाकर जनपद बिजनौर के थाना चांदपुर अंतर्गत बास्टा पुलिस चौकी पर पहुंचा। जांच के दौरान घटनास्थल धनौरा क्षेत्र का निकला।

स्थानीय पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है। फिलहाल इस मामले में कोई कार्रवाई को तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गाड़ी पर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल कोई तहरीर उन्हें नहीं मिली है।

## पहाड़ों पर हो रही बारिश से नदियां उफान पर

### बिजनौर बैराज से अचानक छोड़ा गया डेढ़ लाख क्यूसेक पानी, झोपड़ियां बही

गजरौला (अमरोहा)। पहाड़ों पर हो रही लगातार वर्षा के बाद अब मैदानी क्षेत्र की गंगा व नदियों में उफान की स्थिति पैदा होने लगी है। इस क्रम में तिगरी स्थित गंगा का जलस्तर भी रात में अचानक बढ़ा और उफनाती हुई लहरों में पुरोहितों की झोपड़ी का सामान भी बह गया। इससे हलचल मच गई और रात में ही पुरोहित व दुकानदारों ने अपना सामान सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।



दरअसल, अब तक 10-20 हजार क्यूसेक पानी ही बिजनौर बैराज से छोड़ा जा रहा था। शनिवार को तिगरी गंगा का गेज 199.15 दर्ज हुआ था लेकिन, देर रात को फिर बिजनौर बैराज से डेढ़ लाख क्यूसेक पानी अचानक से छोड़ दिया गया। क्योंकि पहाड़ी इलाकों में लगातार वर्षा हो रही है और जलाशयों फुल होने लगे हैं। इसलिए पानी डिस्चार्ज हो रहा है। इससे न सिर्फ गंगा का बहाव तेज हुआ बल्कि दायरा भी बढ़ गया। जब यह पानी तिगरी स्थित गंगा में पहुंचा तो यहां पर किनारे पर रखें पुरोहितों की झोपड़ियों का सामान जैसे तख्त, छप्पर, बॉस आदि गंगा की तेज लहरों के साथ बह गए। इसके बारे में गांव में ऐलान हुआ तो हलचल मच गई। दुकानदारों ने रात में ही घाट पर पहुंचकर अपने सामान को गंगा के बीच से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। तिगरी के पुरोहित गंगाशरण शर्मा व शैलेश शर्मा ने बताया कि रात घाट पर अचानक से पानी बढ़ा और पुरोहितों की झोपड़ियां जलमग्न हो गईं। कई झोपड़ियों का सामान भी गंगा के तेज बहाव में बहकर चला गया है। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि गंगा का गेज 200.10 पर पहुंच गया है। ये पानी रात अचानक बढ़ा है। अभी यही स्थिति बनी रहेगी। क्योंकि डैम फुल हो रहे हैं और पहाड़ों पर वर्षा भी लगातार हो रही है।

## अब घर बैठे बढ़वा सकेंगे बिजली का भार, जानें कैसे

अमरोहा। अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि अभी तक उपभोक्ताओं को अपना बिजली भार बढ़वाने के लिए विभाग के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय की बबार्दी के साथ-साथ परेशानी का सामना करना पड़ता था। लिहाजा अब उपभोक्ताओं को कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। वह स्वयं अपने घर बैठे 20 किलोवाट तक आनलाइन बिजली भार बढ़ा सकते हैं। अगर उपभोक्ता स्वीकृत लोड से अधिक बिजली की खपत कर रहे है और वह अपना भार बढ़ाना चाहते हैं तो ज्यादा करने की जरूरत नहीं है। यूपीपीसीएलआईएनई डाट् काम वेबसाइट पर लागिंग करे और कंजूमर कानर लिंक पर क्लिक कर बिजली भार बढ़ाने के लिए आनलाइन आवेदन करें।



**अब लो वोल्टेज और फॉल्ट की समस्या होगी खत्मः अमरोहा।** बिजनेस प्लान के तहत 26 करोड़ रुपये की लागत से आठ बिजली उपकेंद्रों संग ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। जहां जर्जर खंभे व लाइनें हैं उन्हें बदलवाया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग, फॉल्ट व ओवरलोड की समस्या से निजात तो मिलेगी ही, साथ ही निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। इसके लिए शासन से बजट जारी हो चुका है। अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि उक्त बजट से आठ बिजली घरों संग ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि कराई जाएगी। जहां बिजली नहीं है। खंभे खड़े करके बिजली लाइन खींची जाएंगी।

## फर्जी आदेश देने वाला 'गिरोह'

शौर्य न्यूज इंडिया

बदायूं। जिले में सीजेएम का फर्जी आदेश बनाकर सीज वाहनों को छुड़ाने वाला गिरोह सक्रिय है। बीते कई दिनों से यह फर्जीवाड़ा चल रहा है। कई वाहनों को छुड़ाया जा चुका है। छह जुलाई को यह मामला तब पकड़ में आया जब एक व्यक्ति फर्जी रिलीज आदेश लेकर सीजेएम न्यायालय पहुंचा। जहां उसने फर्जी आदेश देते हुए कहा कि इसमें गोल मुहर नहीं लगी है, इसके चलते उसका वाहन नहीं छूट रहा।

मुहर लगाने के लिए जब न्यायालय के बाबू ने उसका आदेश पत्र देखा तो वह देखने में फर्जी लगा। इस पर उस वाहन से संबंधित कागज देखे गए तो चालान का निस्तारण होना नहीं पाया गया। इसके बाद टीएसआई को बुलाकर हाल ही में रिलीज किए गए वाहनों से संबंधित प्रपत्र देखे गए तो ऐसे दस वाहन पाए गए। जिन्हें फर्जी आदेश के जरिए रिलीज कराया गया था। इस मामले में कोर्ट के बाबू और टीएसआई की ओर से कूटरचना और धोखाधड़ी के मामले में दो अलग अलग प्राथमिकी सिविल लाइंस थाने में पंजीकृत कराई गई।

### छत से गिरे युवक की मौत

बदायूं। शहर के नेकपुर गली नंबर सात में एक युवक की छत से गिरकर मृत्यु हो गई। पुलिस जांच में इसकी पुष्टि हुई, लेकिन पत्नी व ससुरालीजन ने संपत्ति विवाद में सगे भाइयों पर मारपीट कर छत से फेंक कर हत्या करने का आरोप लगांया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन शव सिविल लाइंस थाने के बाहर ले गए। जहां हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। करीब बीस मिनट तक हंगामे के बाद पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने पत्नी के शिकयती पत्र पर सगे भाईयों समेत चार के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मुहल्ला नेकपुर गली नंबर सात निवासी संतकुमार ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार को संत कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मृत्यु हो गई। उस समय उनकी पत्नी अंजली अपने मायके गई थी। पति की मृत्यु की सूचना पर वह अपने भाइयों के साथ पहुंची। उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके पति संतकुमार उर्फ संजय का अपने ही भाईयों व बहनों से जमीन का विवाद चल रहा है। 24 जून को ससुराल पक्ष के लोगों ने अंजली के साथ मारपीट की थी।



### वज्रपात से पुजारी समेत दो की मौत, आठ झुलसे

देवरिया। सदर कोतवाली के मंदिर समेत दो स्थानों पर रविवार की दोपहर वज्रपात से मंदिर के पुजारी समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि सगे भाई समेत आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उपचार के लिए झुलसे लोगों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। दोपहर को उसम भरी गर्मी होने के चलते सदर कोतवाली के गोपलापुर शिव मंदिर में पुजारी राधेश्याम गिरि समेत अन्य लोग भी बैठे थे। अचानक मौसम बदल गया और रिमझिम वर्षा होने लगी। इस बीच गरज के साथ मंदिर पर ही वज्रपात हो गया, जिससे मंदिर में बैठे पुजारी समेत नौ लोग चपेट में आ गए और वहीं बेहोश हो गए। सभी को उपचार के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने पुजारी राधेश्याम गिरि को मृत्यु घोषित कर दिया, जबकि अंकित, नीरज, सत्येंद्र यादव, रोशन सिंह, ऋतिक सिंह, प्रदीप सिंह, अजय यादव समेत आठ लोगों को उपचार मेडिकल कालेज में कराया गया।

## हाईकोर्ट में दर्ज की मुआवजे की शिकायत

### गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण कर रही सरकार, आगे आए किसान

दातागंज (बदायूं)। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। डहरपुर के 40 किसानों ने मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट की शरण लेकर पेच फंसा दिया है। उनका कहना है कि जमीन के रेट बढ़ गए हैं, लेकिन उन्हें मुआवजा कम दिया जा रहा है।

जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे का काम तेजी से चल रहा है। बिसौली से लेकर बिनावर, दातागंज क्षेत्र में काम चल रहा है। दातागंज के निकट डहरपुर ग्रामीणों ने निर्माण की गति को रोक दिया है। मुआवजा को कम बताते हुए किसानों ने मुआवजा नहीं लिया है और हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका कहना है कि उनकी खेती का मूल्य अधिक है, जबकि मुआवजा काफी कम मिल रहा है।

दातागंज क्षेत्र के लोगों ने विधायक राजीव कुमार सिंह से एक्सप्रेसवे के ऊपर चढ़ने के लिए दातागंज के पास उतार-चढ़ाव कट बनवाने की मांग की थी, क्योंकि उतार-चढ़ाव के लिए सिर्फ एक कट बिनावर पर है।



कट को मंजूरी मिल गई। सर्वे हुआ तो ब्रह्मदेव महाराज के देवस्थान के निकट कट बनाने की मंजूरी मिली। यहां पर कट बनाने के लिए डहरपुर, बिहारीपुर दो गांव के किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है।

डहरपुर गांव के 400 किसान, बिहारीपुर गांव के 125 किसानों को जमीन सरकार को देनी थी। दोनों गांव के 100 किसानों ने अपनी जमीन का बैनामा कर दिया है, लेकिन डहरपुर कला गांव के 40 किसान संयुक्त रूप से हाईकोर्ट चले गए हैं। किसानों को लग रहा है कि उनको उनकी जमीन का उचित मूल नहीं मिल रहा है। वर्ष 2022 में जो सर्किल रेट बढ़े हैं उसमें इस गांव के सर्किल रेट पैसे बढ़ाने चाहिए। उसके बाद ही वे जमीन का बैनामा करेंगे। अपनी मांग को लेकर किसान पहले एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह से मिले, उसके बाद डीएम मनोज कुमार सिंह से मिलकर अपने गांव के सर्किल रेट बढ़ाने की बात की।

जिला स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो प्रभात सिंह, मुनेश्वर सिंह, रघुराज सिंह, प्रभाकर सिंह, राम मूर्ति, जय सिंह, लेखराज, अजय कुमार, संतोष, अरविंद गंगा सहाय समेत 40 किसान हाईकोर्ट की शरण में चले गए हैं। इस संबंध में एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नियमानुसार जिस जगह पर एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य होता है, जितने गांव में से निर्माण कार्य किसानों की जमीन पर होता उस गांव को छोड़कर सर्किल रेट बढ़ाए जाते हैं।

## कार की चपेट में आने से युवक की मौत, हड़कंप

पुरानी बस्ती। फोरलेन पर शुक्रवार की सुबह छह बजे मुंडेरवा थाना क्षेत्र के परसा हज्जाम गांव के निकट बस्ती की तरफ साइकिल से जा रहे एक व्यक्ति को कार ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में मौके पर ही साइकिल सवार की मृत्यु हो गई, वहीं कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। गोरखपुर बस्ती लेन पर बस्ती की तरफ साइकिल से जा रहा फेरीवाला जैसे ही परसा हज्जाम गांव के पास पहुंचा, अचानक पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। कार की ठोकर से साइकिल सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरा। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मुंडेरवा थाने के उप निरीक्षक कृष्ण कांत तिवारी, आरक्षी विशाल चौधरी व हरिकेश यादव मौके पर पहुंचे, मगर तब तक साइकिल सवार की मृत्यु हो चुकी थी। मृतक की पहचान उसके जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए कानपुर देहात जनपद के अकबरपुर थाने के जलालपुर गांव निवासी 34 वर्षीय अरविंद सिंह पुत्र शीतराम सिंह के रूप में हुई।



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की तो मौके पर क्षतिग्रस्त कार के साथ मिले उसके चालक जुल्फिकार अहमद अंसारी निवासी नौरंगाबाद थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर को हिरासत में ले लिया। उप निरीक्षक ने बताया कि अरविंद के साइकिल पर रखे सामान से पता चला कि वह फेरी लगाता था। दुर्घटना की जानकारी उसके स्वजन को दे दी गई है।

## 'अमरमणि से कोई विवाद नहीं'

### बस्ती अपहरण कांड के 22 साल पुराने मामले में आया नया मोड़

बस्ती। अपहरण के 22 वर्ष पुराने जिस मामले में अभियुक्त पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के न्यायालय में हाजिर न होने से उनकी संपत्तियों की कुर्की हो रही है, उस मामले में नया मोड़ आ गया है। अपहृत राहुल मद्देशिया ने कोर्ट में आवेदन देकर बताया कि अमर मणि त्रिपाठी से उसका कोई विवाद नहीं है।

वह उन्हें जानता भी नहीं है। उसके अपहरण में अमरमणि की कोई भूमिका नहीं है। राहुल ने इस मुकदमे में सुलह करने की भी याचना की है। बस्ती के एमपी-एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को राहुल अपहरण कांड की सुनवाई थी।

राहुल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पिता धर्मराज मद्धेशिया का निधन हो चुका है। अब मुकदमें में वही पीड़ित है। वह अमरमणि को जानता पहचानता नहीं है। वह उनसे कभी मिला तक नहीं। अपहरण के दौरान किसी व्यक्ति ने उसके सामने अमरमणि का नाम तक नहीं लिया। उसके मुकदमे में अमरमणि की कोई भूमिका नहीं है, न ही कोई विवाद है। वह सुलहनामा दाखिल करना चाहता है। उसने प्रार्थना पत्र को पत्रावली में रखने की अनुमति भी मांगी। न्यायाधीश प्रमोद गिरि ने आवेदन को मुकदमे की फाइल में शामिल करने का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश पर अमरमणि की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया भी चल रही है। शुक्रवार को अदालत में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें बताया गया कि गोरखपुर के बबीना होटल रोड स्थित जिस सम्पत्ति को अमरमणि का बताया गया था वह शान्ति पत्नी रमेश चतुर्वेदी के नाम से अंकित है।



अदालत को एक और गुमनाम पत्र लखनऊ से मिला, जिसमे गोमती नगर विपुल खंड में प्लाट नंबर 5/19,50 व 52 अमरमणि की सम्पत्ति बताया गया है। न्यायाधीश प्रमोद गिरि ने प्रभारी कोतवाली को छह जुलाई तक नए सिरे से सम्पत्तियों का पता लगा कर उसे कुर्क करने का आदेश दिया।

### देवरिया में चुनावी रंजिश को लेकर फायरिंग

देवरिया। भाटपाररानी में प्रधानी की चुनावी रंजिश में शुक्रवार को फायरिंग हो गई। सड़क निर्माण को लेकर गांव में चल रही तनातनी में प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष में फायरिंग हो गई। इसमें ग्राम प्रधान के भाई रामकृपाल कुशवाहा गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत चार नामजद और कई अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को हिरासत में लिया है।श्रीरामपुर के बासदेवपुर उर्फ गोबरही के ग्राम प्रधान राजकुमार कुशवाहा व पूर्व प्रधान उदय प्रताप के बीच चुनाव के समय से ही रंजिश चल रही है। ग्राम प्रधान शुक्रवार को गांव में सड़क निर्माण कराकर घर आ रहे थे। हजरत मियां के घर के पास पूर्व ग्राम प्रधान समेत कई लोग पहुंचे और हमला बोल दिया। प्रधान के घायल होने की जानकारी पर स्वजन पूर्व प्रधान के घर पर चढ़ गए। इस बीच पूर्व प्रधान के घर की छत से किसी ने लाइसेंसी असलहे से गोली चला दी, जिसमें प्रधान के भाई रामकृपाल घायल हो गए।

## फोरलेन पर संदिग्ध हालात में मिला महिला का शव

पुरानी बस्ती। फोरलेन पर गुरुवार की सुबह छह बजे मुंडेरवा थानाक्षेत्र के खझौला गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव खून से लतपथ मिला है। महिला के कपड़े अस्तव्यस्त हालत में हैं। वहीं आस पास के लोगों को भी घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतका की पहचान कराने की कोशिश की, मगर कुछ पता न चल सका।

बस्ती- गोरखपुर लेन पर खझौला गांव के निकट कुछ लोगों ने जब महिला का शव देखा तो गांव के प्रधान को सूचना दी। प्रधान अंकुर ने घटना की सूचना पुलिस को सूचना दी। महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। उसके कपड़े अस्तव्यस्त हालत में मिले हैं। शरीर पर लाल रंग का बार्डर वाला ब्लाउज है।



इसके अलावा नीले रंग की साड़ी मिली है। उसके एक हाथ में गोदना का निशान है। मृतक की उम्र 50 के करीब बताई जा रही है। खझौला चौकी के उपनिरीक्षक कृष्णकांत तिवारी ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। आस पास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की,मगर कोई कुछ भी बता न सका। उप निरीक्षक के अनुसार महिला की मृत्यु किसी वाहन की चपेट में आने से हुई है, वहीं आस पास के लोगों को आशंका है कि महिला के शव को यहां लाकर फेंका गया है। बहरहाल पुलिस अभी महिला के शव की पहचान कराने में लगी है। इसी कारण से उसे मर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है।

# मुंबई में टीम इंडिया की शानदार विक्ट्री परेड

## वर्ल्ड चैम्पियंस को देखने के लिए सागर किनारे उमड़ा जनसैलाब, लोगों लहराया तिरंगा, बजे नगाड़े

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया की शानदार विक्ट्री परेड हुई। खिलाड़ी विजय रथ (ओपन रूफ बस) पर तिरंगे और ट्रॉफी के साथ सवार होकर मुंबई के नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। जहां रात 9.5 बजे राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का सम्मान समारोह हुआ। समारोह में बीसीसीआई ने खिलाड़ियों का सम्मान किया और 125 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। इससे पूर्व विक्ट्री परेड के दौरान विजय रथ पर सवार खिलाड़ी बारी-बारी से आगे आए और फैंस के साथ जीत सेलिब्रेट की। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली एक साथ बस की छत के आगे आए और फैंस को ट्रॉफी दिखाते हुए खुशी से झूमने लगे। मरीन ड्राइव पर 3 लाख से ज्यादा फैंस अपने क्रिकेटर्स के स्वागत के लिए मौजूद रहे। बारिश के बावजूद 3 किमी लंबी सड़क पर सिर ही सिर दिखे, यहां पैर रखने की जगह तक नहीं थी। ऐसे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पुलिस कमिश्नर से बात करके सुरक्षा बढ़वानी पड़ी।मालूम हो कि मरीन ड्राइव से विजय जुलूस शुरू में टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ट्रॉफी के साथ खुली बस में चढ़े। मरीन ड्राइव पर प्रशंसकों की भारी भीड़ है और वहां मौजूद लोग कोहली-कोहली के नारे लगा रहे थे। भारतीय टीम के खिलाड़ी इस दौरान मरीन ड्राइव पर मौजूद प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। मरीन ड्राइव पर भीड़ इतनी ज्यादा है कि बस आगे नहीं बढ़ पा रही थी। टीम के खिलाड़ी तिरंगा हाथ में लिए खुली बस में खड़े रहे और प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा रहे थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ट्रॉफी पकड़े हुए हैं और प्रशंसकों को दिखा रहे हैं, जबकि उनके ठीक बगल में युजवेंद्र चहल तिरंगा लिए खड़े थे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह विजय जुलूस के दौरान भारतीय टीम की जर्सी पहने दिख रहे हैं और काफी जोश में नजर आ रहे थे। विजय जुलूस धीरे-धीरे वानखेड़े स्टेडियम की ओर बढ़ रहा था। रास्ते के दोनों ओर भारी संख्या में प्रशंसक विश्व विजेता खिलाड़ियों का अभिवादन कर रहे थे और खिलाड़ी भी प्रशंसकों का जोश बढ़ा रहे थे। विजय जुलूस के दौरान कोहली ट्रॉफी लेकर जोश में दिखे और उन्होंने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाया। बस में कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी भी मौजूद रहे। हार्दिक खुशी में झूम रहे हैं और लगातार प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।

**यह ट्रॉफी पूरे देश के लिए है: रोहित शर्मा :** वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने कहा कि सभी का शुक्रिया। जब से हम भारत आए हैं, तब से यह शानदार रहा है। यह ट्रॉफी पूरे देश के लिए है। प्रधानमंत्री से मिलना बहुत सम्मान की बात थी। टीम और बीसीसीआई की ओर से मैं सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। मैं वाकई बहुत खुश और राहत महसूस कर रहा हूं। मुंबई कभी निराश नहीं करती। हमें बहुत बढ़िया स्वागत मिला। टीम की ओर से हम फैंस का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं। मैं बहुत बहुत खुश और राहत महसूस कर रहा हूं। रोहित ने अपने साथी हार्दिक पांड्या की भी प्रशंसा की। इस दौरान उत्साही भीड़ ने हार्दिक, हार्दिक के नारे लगाए। यहां हार्दिक भावुक होकर खड़े हुए और फैंस का अभिवादन किया।

**चार दिन बहुत उतार-चढ़ाव भरे रहे: विराट कोहली :** विराट कोहली ने कहा कि स्टेडियम में आए सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद और हमने सड़कों पर जो देखा, वह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपने जीवन में कभी नहीं भूल पाऊंगा। चार दिन बहुत उतार-चढ़ाव भरे रहे। हम जल्द से जल्द बारबाडोस से बाहर निकलना चाहते थे, भारत लौटना चाहते थे। जब से हम वापस आए हैं, जो कुछ हुआ है, वह अभूतपूर्व है। हमें यह भी लग रहा था कि क्या यह फिर से हाथ से निकल जाएगा। उन आखिरी पांच ओवरों में जो हुआ, वह वाकई खास था। मैं एक ऐसे खिलाड़ी का ज़िक्र करना चाहूंगा जिसने हमें बार-बार वापसी दिलाई, और उसने उन आखिरी दो ओवरों में जो किया, वह अभूतपूर्व था।

**इस पल को कभी नहीं भूलूंगा: बुमराह :** जसप्रीत बुमराह ने कहा कि यह अद्भुत लगता है क्योंकि यह मैदान अद्भुत लगता है। मैं यहां अंडर-19 क्रिकेट के तौर पर आया था। मैंने इस मैदान और सड़कों पर जो कुछ देखा है, वह कुछ ऐसा है जो मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। इस पल को कभी नहीं भूलूंगा। मैं खुद को भी एक युवा खिलाड़ी मानता हूं। हमारा लक्ष्य भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाना और टीम की यथासंभव मदद करना है। मैं खेल के बाद कभी नहीं रोता, लेकिन फाइनल के बाद मैं अपने आंसू नहीं रोक पाया।



### इन लड़कों ने जो किया, वह अविश्वसनीय : राहुल



राहुल द्रविड़ ने कहा कि वे परिवार की तरह हैं। इन लड़कों ने जो किया है, वह अविश्वसनीय है। कड़ी मेहनत, लचीलापन, कभी हार न मानने वाला रवैया, लगातार बेहतर होने की कोशिश। रोहित शर्मा ने शानदार नेतृत्व किया। मैं इस प्यार को मिस करूंगा। आज हमने जो देखा वह अद्भुत है। ये प्रशंसक और लोग ही हैं जो क्रिकेट को खेल बनाते हैं। यह दुनिया का सबसे महान खेल है। मुझे यकीन नहीं था कि मैं 50 ओवर के विश्व कप के बाद खेलना जारी रखूंगा या नहीं। रोहित का फोन उठाना और कहना, राहुल, चलो एक और मौका लेते हैं। बारबाडोस में जो मैंने अनुभव किया, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। शायद मेरे जीवन में प्राप्त सबसे अच्छे फोन कॉल में से एक। निश्चित रूप से अच्छा। खत्म करने का शानदार तरीका। बहुत सी चीजें हैं जो मुझे याद आएंगी। लड़के, सपोर्ट स्टाफ। मैं आज यहां बाकी सपोर्ट स्टाफ की वजह से खड़ा हूं। राहुल द्रविड़ ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम को कोचिंग देना और उन्हें टी20 विश्व कप जीतने में मदद करना सौभाग्य की बात है।



## हाथरस हादसे में छह सेवादार गिरफ्तार

अलीगढ़। हाथरस के सिकंदराराऊ में बीती दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग के बाद हुए हादसे के मामले में गुरुवार को पुलिस ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। साथ ही दो महिलाओं समेत छह सेवादारों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में आईजी अलीगढ़ मंडल शलभ माथुर ने बताया कि दो जुलाई को सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी पर सूरजपाल उर्फ नारायण हरि भोले बाबा सत्संग कार्यक्रम में भगदड़ मचने से 123 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में सिकंदराराऊ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत है। जांच सीओ सिटी रामप्रवेश राय कर रहे हैं। इसी कड़ी में पूछताछ के बाद पुलिस ने राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) को गिरफ्तार किया गया है।

## राहुल से मिलने पहुंचे अंबानी सोनिया से भी हुई मुलाकात

नई दिल्ली। एशिया की सबसे अमीर शख्सियतों में शुमार मुंकेश अंबानी ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मुलाकात की। इस मुलाकात के पीछे कोई राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक कारण बताया जा रहा है। जी हां, दरअसल मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का जश्न शुरू हो चुका है। इस अवसर पर मुकेश अंबानी खुद देश की बड़ी शख्सियतों को जाकर निमंत्रण दे रहे हैं। इसी क्रम में वह गुरुवार को दिल्ली पहुंचे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपेने बेटे की शादी में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने राहुल गांधी के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और कुछ देर बाद 10 जनपथ स्थित आवास से रवाना हो गए। खबरों की मानें तो मुकेश अंबानी ने राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी को भी अनंत अंबानी की शादी के लिए इनवाइट किया है। बता दें कि भव्य प्री-वेडिंग प्रोग्राम के बाद अब अंबानी परिवार के दूसरे बेटे की शादी का समय है। 12 जुलाई को मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी होने वाली है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का समारोह मुंबई के अंबानी निवास, एंटीलिया में शुरू हो गया है। एंटीलिया अपनी भव्यता और अतुलनीय सजावट के लिए प्रसिद्ध है। शादी की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है, और यह उम्मीद की जा रही है कि इस समारोह में देश-विदेश के कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्व शामिल होंगे। अंबानी परिवार के इस खास अवसर पर देशभर के प्रतिष्ठित लोग और विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां उपस्थित रहेंगी। शादी के इस जश्न में बॉलीवुड, राजनीति, व्यवसाय और खेल जगत की प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की संभावना है, जिससे यह आयोजन और भी अधिक भव्य और यादगार बनने वाला है।

## श्वेत पत्र जारी करे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए गए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके। पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने यह भी कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। मुख्य विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी का कहना है कि देश के



सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है। चौधरी ने कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर एक श्वेत पत्र पर लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में आने पर अग्निपथ योजना को खत्म करेगी, अग्निवीरों को स्थायी किया जाएगा, सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया बहाल की जाएगी तथा सेना में उन 1.5 लाख युवाओं को स्थायी रूप से सामाहित किया जाएगा जो चयन के बावजूद में सेवा में नहीं लिए गए। चौधरी ने दावा किया कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। इसने स्पष्टीकरण में कहा कि कुल राशि लगभग 1.65 करोड़ रुपये होगी। यह स्पष्टीकरण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा एक्स पर अजय के पिता का एक वीडियो साझा करने के बाद आया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है।

## सोरेन फिर बने सीएम

नई दिल्ली। हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। उन्हें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ



दिलाई। हेमंत सोरेन ने कल ही चंपई सोरेन के इस्तीफे के बाद राज्यपाल से सरकार बनाने का दावा किया था। हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि यह जनता और हमारे पार्टी कार्यकताओं का आशीर्वाद है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद हेमंत सोरेन एक बार फिर झारखंड के सीएम हैं। अब वे झारखंड की जनता के लिए और भी ज्यादा काम करेंगे क्योंकि इस बार हमारे पास समय कम है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा, 2019 से वर्तमान महागठबंधन सरकार ने यहां के लोगों के हित के अनुसार सभी काम किए हैं। राजनीतिक उतार-चढ़ाव के दौरान चंपई सोरेन ने उन पहलों को आगे बढ़ाया, क्योंकि मैं जेल में था। कोर्ट के आदेश के कारण मैं बाहर आ सका। कार्यभार संभालकर फिर से काम शुरू किया जाएगा। शपथ लेने से पहले एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, आज 4 जुलाई है। 31 जनवरी को इसी जगह से मैंने आप सभी को संदेश दिया था कि किस तरह विपक्ष ने मेरे खिलाफ साजिश रची है। वे सफल भी हुए। पांच महीने तक उन्होंने अलग-अलग तरीकों से मुझे जेल में रखने की कोशिश की। हमने कानूनी रास्ता अपनाया और लोगों ने हमारा साथ दिया। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद दो फरवरी को झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले चंपई सोरेन ने बुधवार शाम राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर अपना इस्तीफा दे दिया था। इसके तुरंत बाद बाद धनशोधन के मामले में जमानत पर रिहा हुए हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## 'हर नगर निगम में बने बहुमंजिला इमारत'

### मार्केट और पार्क, मलिन बस्तियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने दिया आदेश

लखनऊ। यूपी सरकार मलिन बस्तियों में रहने वालों को वहीं पर बहुमंजिला इमारत बनाकर मकान देने जा रही है। इसके साथ ही इनके आवासीय परिसर के पास स्कूल, बाजार, पार्क, आदि की बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने शहर में पार्किंग की समस्या का समाधान करने, होर्डिंग लगाने के लिए नई नीति लाने के साथ ही शहरों को हरा-भरा बनाने के लिए नई नीति लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मलिन बस्तियों के पुनरुद्धार के लिए नियोजित प्रयास करते हुए हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिह्नित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार की जाए। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस प्रकार चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में मलिन बस्तियों का पुनरोद्धार हो सकेगा। यहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में यह प्रयास अत्यंत



उपयोगी होगा।उन्होंने कहा कि शहरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बनती जा रही है। इसके समुचित समाधान के लिए शासन, प्रशासन और जनता को मिलकर काम करना पड़ेगा। इसे सुनिश्चित करना ही होगा कि वाहन तय पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों, सड़क किनारे नहीं। आवश्यकता पड़े तो इंफोर्समेंट की कार्रवाई भी की जाए। पार्किंग के लिए मल्टीलेवल पार्किंग प्रणाली उपयोगी सिद्ध हो रही है। मल्टीलेवल पार्किंग में कॉमर्शियल स्पेस जरूर रखें। नए पार्किंग स्थल के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अध्ययन करने के उपरांत ही कार्ययोजना तैयार करें। भविष्य के दृष्टिगत बेहतर पार्किंग सुविधा के लिए पार्किंग स्थल नियम तैयार किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी सड़क किनारे बाइक, कार, टैक्सी की पार्किंग न हो। स्ट्रीट वेंडरों को एक जगह नियोजित करें। अवैध टैक्सी स्टैंडों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। नगरीय परिवहन में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को प्रोत्साहित करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बेतरतीब लगे विज्ञापन होर्डिंग न केवल नगर की सुंदरता खराब करते हैं, बल्कि आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसे व्यवस्थित किए जाने की जरूरत है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय क्षेत्र में किसी भवन के ऊपर होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए। वर्तमान में प्रचलित होर्डिंग के स्थान पड़ एलईडी डिस्प्ले को स्थान दें।

उन्होंने कहा कि कुछ सालों में शहरी आबादी व जनसंख्या घनत्व में बढ़ोतरी और नगरीय निकायों के विस्तार आदि को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की जरूरत है। नई व्यवस्था तय करते समय आबादी को आधार बनाएं। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए आवश्यक है कि वहां पर्याप्त मैनपॉवर की उपलब्धता हो।

## नीट यूजी परीक्षा रद्द नहीं करें, कोर्ट में दी याचिका

नई दिल्ली। नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद्द नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। नीट की परीक्षा में देशभर में करीब 24 लाख परीक्षार्थी बैठे थे। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की एक पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। इन याचिकाओं में दोबारा परीक्षा कराने और पहले हुई परीक्षा की जांच की मांग की है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल 5 मई को 4 हजार 750 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। कई शहरों में हुए थे प्रदर्शन : प्रश्न पत्र लीक समेत अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए तथा विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को उठाया। पिछली परीक्षा रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और उच्चस्तरीय जांच की मांग संबंधी याचिकाओं पर 8 जुलाई को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होगी। सिद्धार्थ कोमल सिंगला और 55 अन्य छात्रों की नई याचिका वकील देवेंद्र सिंह के माध्यम से दायर की गई है।

याचिका में कहा गया है कि माननीय अदालत को प्रतिवादियों (केंद्र और एनटीए) को नीट-यूजी दोबारा आयोजित नहीं करने का निर्देश देना चाहिए ... क्योंकि यह न



केवल ईमानदार और मेहनती छात्रों के लिए नुकसानदायक होगा, बल्कि शिक्षा के अधिकार का और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का भी उल्लंघन होगा। याचिका में केंद्र और एनटीए को अनुचित तरीके अपनाने वाले परीक्षार्थियों की पहचान करके उन्हें दंडित करने और उन केंद्रों की पहचान कर उचित कार्रवाई का निर्देश देने की मांग की गई है, जहां नीट-यूजी 2024 परीक्षाओं के लिए स्थापित दिशानिर्देशों से कोई समझौता किया गया है। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता लगभग 17-18 वर्ष की आयु के युवा छात्र हैं और चिकित्सक बनने के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने अपना 100 प्रतिशत दिया है और 3-4 वर्षों से अधिक की लगातार कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा उत्तीर्ण की है।

याचिका में कहा गया है कि हालांकि, परीक्षा रद्द करने और सभी के लिए दोबारा परीक्षा कराने की आशंका से संबंधित समाचार मानसिक दबाव और अनावश्यक तनाव पैदा कर रहे हैं।

छात्रों ने याचिका में कहा कि यदि मीडिया के भ्रामक कवरेज के परिणामस्वरूप दोबारा परीक्षा होती है, तो ईमानदार सफल छात्रों को परेशानी होगी। याचिका में कहा गया है कि मुख्य याचिकाकर्ता सिंगला ने नीट-यूजी 2024 की मेरिट सूची में 778वां स्थान प्राप्त किया है। याचिका के अनुसार, वह हमेशा से एक उत्कृष्ट छात्र रहा है और उसने 12वीं कक्षा में 96.60 प्रतिशत अंकों के साथ अपने स्कूल में टॉप किया... अन्य सह-याचिकाकताओं में ऐसे छात्र भी हैं, जिन्होंने प्रथम रैंक हासिल की है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिली भारतीय टीम, खूब लगे हंसी-ठहाके

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप विजेता टीम ने बारबाडोस से लौटने के बाद गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। भारतीय टीम चार्टर विमान से भारत लौटी और इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस मौके पर भारतीय खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री के साथ नाश्ता किया और उनसे बातचीत की। पीएम ने चैंपियन खिलाड़ी और पूर्व कोच राहुल द्रविड़ के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। पीएम मोदी और टीम इंडिया की मीटिंग का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ पीएम को वर्ल्ड कप ट्रॉफी सौंप रहे हैं। 'द इंडियन एक्सप्रेस' की रिपोर्ट के मुताबिक, मीट-एंड-ग्रीट सेशन के दौरान कुछ क्लिप चलाई गईं और मोदी ने कई खिलाड़ियों से रोमांचक फाइनल के विभिन्न पहलुओं के बारे में पूछा। एक घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक में मोदी ने भारत की जीत पर खुशी जाहिर की और साथ ही मुश्किल परिस्थितियों से उबरने पर खुशी जाहिर की। दरअसल, टीम इंडिया ने पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगभग गंवा चुके मैच को विपक्षी टीम के जबड़े से छीना था और जीत हासिल की थी।प्रधानमंत्री मोदी ने कप्तान रोहित शर्मा से पूछा कि जीत के बाद जब आपने पिच का टुकड़ा, वहां की मिट्टी को अपने मुंह में डाला तो उसका स्वाद कैसा था। इस पर रोहित ने प्रधानमंत्री के सामने अपना पक्ष रखा। वहीं, फाइनल से पहले तक खराब फॉर्म से जूझने वाले विराट कोहली ने फाइनल में 76 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया था। प्रधानमंत्री जानना चाहते थे कि विराट फाइनल जैसे बड़े मैच से पहले क्या सोच रहे थे? प्रधानमंत्री ने फाइनल में 47 रन बनाने वाले अक्षर पटेल से पूछा कि फाइनल में मुश्किल परिस्थिति में बल्लेबाजी के लिए ऊपर भेजे जाने पर उन्हें कैसा महसूस हुआ था? वहीं, हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के मैदान पर रहते दक्षिण अफ्रीका जीत की कगार पर था। तब दक्षिण अफ्रीका की टीम को 30 गेंदों में 30 रन की जरूरत थी। इसके बाद जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी की थी।



हार्दिक पांड्या से लेकर अर्शदीप सिंह ने अपनी गेंदबाजी से फैंस का दिल जीत लिया था और दक्षिण अफ्रीका रन नहीं बनाने दिए थे। पीएम मोदी ने बुमराह से पूछा कि उस निर्णायक क्षण पर उनके दिमाग में क्या चल रहा था? प्रधानमंत्री मोदी ने हार्दिक पांड्या से पूछा कि उन्होंने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 रन बचाने के लिए क्या योजना बनाई थी?

वहीं, सूर्यकुमार यादव के 20वें ओवर की पहली गेंद पर डेविड मिलर के कैच ने मैच पलट दिया था। प्रधानमंत्री इससे भी बेहद खुश दिखे। उन्होंने सूर्या से इसी को लेकर सवाल पूछा। प्रधानमंत्री ने सूर्या से उन जादुई सात सेकंड को फिर से जीने के लिए कहा। सूर्या के कैच के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम बैकफुट पर चली गई थी, क्योंकि तब सिर्फ गेंदबाज बैटिंग करने के लिए रह गए थे।

शनिवार को ब्रिजटाउन में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराने वाली टीम को कैरेबियाई सरजमीं पर तूफान के कारण घर वापसी में देरी हुई। एयर इंडिया के चार्टर विमान को वेस्ट इंडियन द्वीप की ओर डायवर्ट किए जाने के बाद ही शर्मा एंड कंपनी ट्रॉफी के साथ घर पहुंच सकी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया था। टीम इंडिया ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीती है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर किया शेयर किया पोस्ट, विराट ने भी कहा-धन्यवाद सर। बारबाडोस से टी20 क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी जीतकर घर लौटी टीम इंडिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर पहुंची। पीएम मोदी ने करीब दो घंटे तक कोच राहुल द्रविड़ समेत पूरी टीम के खिलाड़ियों से बात की। वहीं, टीम इंडिया से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दो फोटो शेयर किए। इसपर विराट कोहली ने भी रिएक्ट किया। पीएम मोदी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, हमारे चैंपियंस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई।

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भी पीएम मोदी के साथ इस मुलाकात की फोटो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की। कोहली ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर बहुत गर्व हुआ। हमें प्रधानमंत्री निवास पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर।




# हाईकोर्ट के उल्लंघन पर वीडीए सख्त

## पंद्रह बीघे की प्लाटिंग पर चला बुलडोजर 15 अवैध निर्माण सील किए गए



वाराणसी। उच्चतम बाढ़ बिंदु, एचएफएल, एरिया के लाइन 200 मीटर के दायरे का उल्लंघन पर वीडीए ने सख्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकीत गर्ग नगवा वार्ड के मारुति नगर जहां मारूती नगर में हो रहे अवैध प्लाटिंग और निर्माण का औचक निरीक्षण किया। कॉलोनी क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही लगभग पांच बीघे अवैध प्लाटिंग देखा। जिसके बारे में विकासकर्ता गिरधारी पटेल को जहां फटकार लगाई ,वहीं उनके विरुद्ध एफआईआर हेतु थाने पर तहरीर दिया । इस दौरान गायत्री नगर कॉलोनी में लगभग 10 बीघा पर किये जारहे अवैध प्लाटिंग को। बूलडोजर ने ढहा दिया । इसी क्रम में मारुती नगर क्षेत्र में गतिमान 15 अवैध निमार्णों को मौके पर सील की सख्त कारवाई की गयी और उसे पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया। प्रभारी अधिकारी (भवन) ने वार्ड-नगवां के मारुति नगर, गायत्री नगर, सामने घाट (मदरवां), गढ़वा घाट रोड पर किये गए बड़े अवैध निमार्णों का उपाध्यक्ष को औचक निरीक्षण कराया । उन्होंने अवैध निमार्णों के विरुद्ध प्राथमिकता पर

### रपट दर्ज

### एचएफएल एरिया के 200मीटर के दायरे के उल्लंघन पर कड़ी कारवाई

प्रवर्तन दल की कारवाई करने को कहा। वीडीए उपाध्यक्ष ने क्षेत्र के जोनल अधिकारी एवं अवर अभियंता के अपने पदेन दायित्वों का निर्वहन न करने पर उनकी क्लास लगाई और इस माामले में प्रवर्तन कार्यवाही में अत्यंत शिथिलता बरते जाने पर उनका वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इसको लेकर उन्होंने लापरवाही बरते जाने और नाकामी पर विभाग के उक्त जिम्मेदार अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी कर जबााब मांगी। उन्होंने क्षेत्र में तैनात चतुर्थ श्रेणी कार्मिक राजेंद्र प्रसाद, वर्क सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया ।

# विद्युत टीम की छापेमारी, चोरी में तीन धराये

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के भूसौला गांव में शुक्रवार की दोपहर विद्युत विभाग की टीम ने आकस्मिक छापा मारा। जिसमें एक लोग अवैध रूप से विद्युत जलाते तथा दो लोग बाईपास कनेक्शन जोड़कर विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए। बताया जाता है कि कालिका धाम फीडर इस समय काफी घाटे में चल रहा है। जिसके तहत अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओ राहुल यादव व अवर अभियंता रामबाबू चौहान अपने सहयोगियों के साथ छापा मारा तो गांव के तीन लोग अवैध रूप से विद्युत का प्रयोग करते पकड़े गए। पकड़े गए लोगों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

## चौकाघाट आयुर्वेद महाविद्यालय से लगायत सम्पूर्णानंद के पहले गेट तक गाड़ियों की कतार, आने-जाने वाले लोगों की बढ़ीं दिक्कतें

# सुविधा शुल्क जरूरी, जाम लगे तो लगे

वाराणसी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल द्वारा बीते दिनों सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि अगर संबंधित क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी या फिर अवैध पार्किंग की शिकायत मिली तो थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की जायेगी इस स्पष्ट निर्देश के बाद भी चेतगंज पुलिस का रवैया जस का तस है। चौकाघाट आयुर्वेद महाविद्यालय से लगायत सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय के पहले नंबर गेट तक सड़क दोनों ओर भारी गाड़ियों की पार्किंग की जा रही है।



बावजूद इसके पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं रोजाना पिकेट की ड्यूटी बदलने के बाद नये बीट के सिपाही उक्त क्षेत्र में चक्रमण लगाना शुरू कर देते हैं फिर भी वाहनों को नहीं हटवाते अपना काम होने के बाद अनदेखी कर लेते हैं। इसके साथ ही धूपचंडी, संजय नगर कॉलोनी, नाटी इमली का कुछ हिस्सा रामकटोरा क्षेत्र भारी वाहनों के आवागमन से ग्रसित है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों की मानें तो भारी वाहनों के चलते पूरा क्षेत्र ट्रांसपोर्ट नगर के रूप में विकसित हो गया है। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो दिन रात पिकेट के लोग गश्त करते हैं ट्रक के चालकों के पास पहुंचते ही वार्ता कर चल देते हैं फिर उन्हें इस बात का कोई फर्क नहीं पड़ता की जाम लग रहा है। इस क्षेत्र की चौड़ी सड़क इन्हीं वाहनों के पार्किंग के चलते सकरी हो गयी है। जिम्मेदारों की मौन कभी भी बड़ा हादसा करा सकती है।

# 'ऑयल बॉल' से मच्छरों के लार्वा पर होंगे काबू



वाराणसी। जनपद में एंटी लार्वा छिड़काव और फोगिंग से मच्छरों के लार्वा की रोकथाम और घनत्व को कम किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की पहल पर मच्छरों के लार्वा की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए एक नई तकनीक इजाद की गई है। ऑयल बॉल के माध्यम से मच्छरों के लार्वा नियंत्रण तकनीक का प्रायौगिक अध्ययन सफल होने के बाद इसको नगर व ग्रामीण क्षेत्र के चिन्हित हॉट स्पॉट इलाकों में उपयोग किया जाएगा। इन ऑयल बॉल को पानी से भरे उन खाली प्लाटों और गड्ढों में डाला जाएगा, जहां मच्छरों के लार्वा पनपने की बहुत अधिक संभावनाएं रहती हैं। इस पहल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का खास योगदान है। जिला मलेरिया अधिकारी शरत चंद पाण्डेय ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की पहल व निर्देशन पर विगत माह 15 से 20 दिन का प्रायौगिक अध्ययन किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। यह अध्ययन सीर गोवर्धन क्षेत्र के काशीपुरम कॉलोनी के जल जमाव वाले खाली प्लाटों, नालियों और गड्ढों में किया गया था, जोकि खाली प्लाटों और गड्ढों में पूरी तरह से सफल रहा। ऑयल बॉल पिंडरा ब्लॉक के पतिराजपुर गाँव की स्वयं सहायता समूह माँ लक्ष्मी महिला समूह अपने रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए तैयार कर रही हैं।

# शहर से गांव तक बरसे बदरा, बनारस में मौसम हो गया सुहाना

वाराणसी। तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। तापमान में गिरावट के कारण लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। दूसरी तरफ, वाराणसी के कई क्षेत्रों में कीचड़ और जलजमाव की भी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। तीन दिनों से रुकरुक कर बारिश हो रही है। शहर में हल्की बारिश के बाद सायंकाल 5 बजे बारिश तेज हो गई। शहर से लेकर गांव तक बारिश होने का असर यह रहा कि सड़क से खेत तक पानी भर गया। बीते दो दिन में हल्की बारिश का लोग घाटों पर लुत्फ लेते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, तेज बारिश से गलियों और मोहल्लों में कीचड़ हो जा रहा है। गोदौलिया, रथयात्रा, नई सड़क, बेनियाबाग, औसानगंज, चौकाघाट, हुकुलगंज, बीएचयू के आसपास, लहरतारा आदि इलाकों में जलभराव और कीचड़ हो गया है। सुंदरपुर, लंका, भिखारीपुर सहित अन्य कई जगहों पर बारिश हुई। वहीं, बरेका, मंडुवाडीह, सिगरा आदि जगहों पर मौसम साफ रहा। उधर, ग्रामीण इलाकों में सेवापुरी सहित अन्य क्षेत्रों में भी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। अगले तीन-चार दिन तक अच्छी बारिश की संभावना बनी हुई है।

**वाराणसी में 48 घंटे में 80 सेंटीमीटर बढ़ी गंगा :** बनारस में गंगा के जलस्तर में धीरे-धीरे बढ़ाव हो रहा है। पिछले 48 घंटे में बनारस में गंगा के जलस्तर में 80 सेंटीमीटर बढ़ाव हो गया। शुक्रवार को सुबह तक गंगा के का जलस्तर 58.17 मीटर रिकार्ड किया गया। केन्द्रीय जल आयोग के मुताबिक गंगा के जलस्तर में धीरे-धीरे बढ़ाव हो रहा है। जबकि गाजीपुर, बलिया, फाफामऊ, मिर्जापुर में गंगा का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के बाद मैदानी क्षेत्रों में गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

### बारिश ने बढ़ाई लोगों की दिक्कतें

वाराणसी। गुरुवार की रात और शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से शहर और देहात क्षेत्र में बिजली संकट उत्पन्न हो गया। इसके चलते पानी की आपूर्ति पर भी गहरा असर पड़ा। इसके चलते लोग बिजली और पानी संकट से जूझते रहे। लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। बारिश के चलते ट्रांसफॉर्मर का डियो उड़ने, जम्फर उड़ने, तार टूटने और ट्रिपिंग की समस्याएं काफी बढ़ गयी है। बावजूद इसके विद्युतकर्मी बारिश के मौसम में भी आपूर्ति को बहाल करने में जूझते नजर आए। वरुणापार के कई इलाकों में गुरुवार की रात ही नहीं शुक्रवार को दिन में भी बिजली संकट बना रहा। पन्नालाल पार्क उपकेंद्र से जुड़े कई इलाकों में दोपहर तक बिजली संकट के चलते पानी की आपूर्ति में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ। पत्रकारपुरम कॉलोनी में लगे एक ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी दूर करने के लिए कई बार अवर अभियंता और लाइनमैन से लोगों ने कहा, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि शुक्रवार को ट्रांसफॉर्मर से जुड़े नलकूप की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। दोपहर बाद खराबी को दूर किया गया तब जाकर पानी की सप्लाई शुरु हो पायी। हालांकि इसके बाद भी उपकेंद्र से बिजली आने-जाने का क्रम देर रात तक जारी रहा। कमोवेश यहीं हाल चौकाघाट उपकेंद्र से जुड़े इलाकों का भी रहा। हर आधे घंटे पर बिजली के जाने और कुछ देर आने का क्रम देर रात तक चलता रहा। इसके अलावा, शहर समेत देहात का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं रहा होगा, जहां टुकड़ों में घंटों आपूर्ति बाधित न हुई हो।



### शिविर में बांटी गईं दवाईयां



वाराणसी (रिम्मी कौर)। श्री गुरु चरण सेवा ट्रस्ट मुख्य ट्रस्टी डॉ. आरके बक्शी की अध्यक्षता में सात जुलाई को ग्राम भीटारी प्राथमिक विद्यालय विद्यापीठ लोहता पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस दौरान 100 मरीजों का निशुल्क बीपी जांच, शुगर जांच और हड्डी संबंधी समस्याओं को इलाज किया गया। सभी मरीज को 7 दिन का दवाई भी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सिंह की अनुमती से ग्राम पंचायत के सदस्य रमेश एवं संगीता की देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। ट्रस्ट के व्यवस्थापक बलराम पांडेय का सहयोग था। इस दौरान रंजन कुमार चैटर्जी, रामकृष्ण गुप्ता, ऋतु वर्मा, इसीता दत्ता, मनोज शर्मा, सिद्धार्थ चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

### सपा की महिला नेता का मनाया जन्मदिवस

रामनगर (रौशनी)। सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष आरती यादव का जन्मदिन रामनगर स्थित एक रेस्टोरेंट में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सुजीत सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ सपा के महानगर अध्यक्ष विवेक कहार, सभासद संजय यादव, विनोद यादव, रोहित सोकनर, अजीत सिंह सोनू, रमेश कुमार, जसवंत सिंह, संजय यादव, एसके यादव, साजिद खान आदि लोग रहे।



# बच्चों की डिजिटल हाजिरी में काशी फिसड्डी

## सर्वर की कनेक्टिविटी व सिम की आ रही समस्या, शिक्षक भी कर रहे विरोध

वाराणसी। परिषदीय स्कूलों में बच्चों की डिजिटल हाजिरी बनाने में बनारस फिसड्डी रहा। स्कूलों में बच्चों की डिजिटल हाजिरी नहीं लग रही है। शिक्षकों का विरोध भी जारी है। सर्वर तथा सिम की भी समस्या आ रही है। महज चार फीसद हाजिरी ही दर्ज की जा रही है।

जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूलों में बच्चों की डिजिटल हाजिरी की कवायद फिर फेल होती दिख रही है। इसका कारण शिक्षक संगठनों का विरोध तो है ही, स्कूलों में पहुंचे सिम का एक्टिवेट न होना और सर्वर की समस्या भी है। पूरे तामझाम के साथ प्रेरणा पोर्टल पर शुरू हुए डिजिटल रजिस्टर पर एक जुलाई को सिर्फ चार फीसद हाजिरी दर्ज की गई, जबकि कई स्कूलों में उस दिन 80 फीसद से ज्यादा बच्चे मौजूद थे। गुरुवार का हाजिरी प्रतिशत छह तक ही पहुंच सका था। यह आंकड़ा बेसिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किया गया है।

स्कूलों में बच्चों की डिजिटल हाजिरी के लिए एक साल से कवायद चल रही है। स्कूलों में कुल 1959 टैबलेट दिए जा चुके हैं। एक जुलाई से पहले सिम भी मुहैया करा दिए गए हैं। हर सिम के लिए तीन सौ रुपये प्रतिमाह खर्च भी दिया जा रहा है। एक जुलाई से डिजिटल रजिस्टर के जरिए बच्चों की हाजिरी और एमडीएम वितरण दर्ज कराने की पहल की गई, मगर बनारस इस मामले में फिसड्डी साबित हुआ। यह हाल पूरे प्रदेश में है। हमीरपुर, कौशांबी और बागपत जिले में सबसे ज्यादा 24, 23 और 22 फीसद हाजिरी कराई जा सकी है। बनारस के आसपास के जिलों की भी हालत बहुत अच्छी नहीं है। सबसे बेहतर हाजिरी भदोही में 14 फीसद और सबसे खराब चंदौली में एक फीसद दर्ज हो सकी। स्कूल परिसर में 15 जुलाई से शिक्षकों की भी आनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी है। हालांकि शिक्षक संगठन इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। बीएसए डा.अरविंद पाठक ने बताया कि बनारस में कई सिम एक्टिवेट नहीं हैं। साथ ही नेटवर्क कनेक्टिविटी की भी समस्या है। इनके ठीक होते ही जिले की डिजिटल हाजिरी ठीक हो जाएगी।

### वाहनों के खिलाफ आठ से अभियान

वाराणसी। अनफिट वाहन व स्कूल के अनफिट वाहनों के प्रति सख्त हुए उत्तर प्रदेश के परिवन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश के बाद सकते में आए वाराणसी परिवहन विभाग के अधिकारियों ने अनफिट वाहनों के खिलाफ अभियान की तैयारी शुरू कर दी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि आठ जुलाई से अनफिट वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।बताया कि स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले ऐसे सभी वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण इत्यादि की वैद्यता की जांच की जायेगी। स्कूली बच्चों का सुरक्षित आवा-गमन सुनिश्चित करना शीर्ष प्राथमिकता है। इसके लिए आठ जुलाई से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाये। स्कूलों मे संचालित वाहनों की सूची परिवहन विभाग तैयार करेगा। पंजीकृत स्कूली वाहनों का सत्यापन भी किया जायेगा। फिट तथा अनफिट वाहनों की अलग-अलग सूची तैयार कर स्कूल प्रबधकों एवं वाहन स्वामियों के साथ बैठक की जायेगी। मारुती वैन, मैजिक, आटों, ई-रिक्शा में बच्चों को विद्यालयों एवं अभिभावकों एक पखवाड़ा तक स्कूली वाहनों की फिट्नेस परमिट आदि की जांच अभियान चलाया जायेगा और नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी।

### एक नामजद, आधा दर्जन पर मुकदमा

वाराणसी। शिवपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी युवक ने एक नामजक व 7-8 लोगों पर जान से मारने एवं पिस्टल से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए शिवपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया। लक्ष्मणपुर निवासी हृदय प्रताप सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि वह बीते 2 जुलाई को रात्रि 8 बजे यूपी कॉलेज में टहल रहा था जैसे ही डेयरी के पास पहुँचा दो-तीन अज्ञात लोग आ गए और उसे डेयरी के अंदर पोखरे की तरफ चलने को कहने लगे, मना करने पर दो-तीन और अज्ञात लोग आ गये और उसे जबरदस्ती खींच कर ले गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वहाँ विनीत सिंह व सात- आठ अज्ञात लोग उसे रिवाल्वर की मुठिया और रॉड से मारने लगे। विनीत सिंह ने पीड़ित को चापड़ जैसे हथियार से जान से मारने की नीयत से सिर पर प्रहार किया। पीड़ित ने बताया कि जब वह भागने का प्रयास किया तो उसे लक्ष्य कर 6-7 राउंड गोली चलाया। जब यूपी कॉलेज के गार्ड अन्य लोग वहां आ गए तो विनीत सिंह व अन्य आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए पैदल ही भाग गए।

**तीन शातिर चोर गिरफ्तार : वाराणसी।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को तीन शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर व चोरी लूट की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत बिन्दु माधव मंदिर के पास से चोरी गयी बाइक को बारामद करने के लिए गठित टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों व अन्य माध्यम से चोरी करने वाले तीन शातिर चोर की पहचान कर मुखबिर की सूचना पर मछोदरी पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया। लग्जरी जीवन के लिए चोरी किया जाता था।




# अब खराब स्मार्ट मीटर की जगह नॉर्मल मीटर लगेंगे

## हुआ बदलाव: क्षतिग्रस्त स्मार्ट मीटरों के बदलने का प्रावधान न होने पर डिस्कॉम प्रबंधन का निर्णय

वाराणसी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने खराब स्मार्ट मीटर (पोस्ट पेड) की जगह नार्मल मीटर (पोस्ट पेड) लगाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने यह निर्णय वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही दिक्कतों को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक ने अपने आदेश में कहा है कि वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर क्षेत्र के नगर ओर ग्रामीण क्षेत्रों में मेसर्स ईईएसएस की तरफ से लगाये गये स्मार्ट मीटर (पोस्ट पेड), जो विभागीय कार्यवाही के कारण मसलन विद्युत चोरी, भार, शंट, इलेक्ट्रिकल डिस्ट्रबेशन आदि के कारणों से, उतारने एवं क्षतिग्रस्त होने पर नार्मल मीटर लगाये जायेंगे। इतना ही नहीं, पीएम सूर्य योजना के तहत स्थापित स्मार्ट मीटर, जिनके कांफिग्रेसन में समस्याएं उत्पन्न हो रही है, पर नेट मीटर स्थापित करने या नये सोलर उपभोक्ता को प्रथम बिल जारी करने के लिए भी एमडी ने आदेश जारी किया है।

एमडी ने अपने आदेश में कहा है कि मेसर्स ईईएसएल के अनुबंध में विभागीय कार्यवाही के कारण मसलन विद्युत चोरी, भार, शंट, इलेक्ट्रिकल डिस्ट्रबेशन आदि की वजह से उतारे गये एवं क्षतिग्रस्त स्मार्ट मीटरों के बदलने का कोई प्रावधान नहीं है। इस कारण विद्युत चोरी एवं राजस्व हानि की संभावना को देखते हुए स्मार्ट मीटरों (पोस्ट पेड) को नार्मल मीटर (पोस्ट पेड) मीटरों में बदलने की अनुमति प्रदान की जाती है। इसके अलावा, सोलर रूफ टॉफ अभियान के तहत स्मार्ट मीटरों की भार वृद्धि के मामलों में रूफ टॉप सोलर अभियान को त्वरित गति प्रदान करने के लिए स्मार्ट मीटर की जगह नार्मल (पोस्ट पेड नेट मीटर) लगाने का भी आदेश दिया गया है। पीएम सूर्य घर योजना को केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सफल क्रियान्वयन की खातिर सोलर रूफ टॉफ उपभोक्ता के परिसर पर स्थापित स्मार्ट मीटर पर नेट मीटर स्थापित किया जाना तथा नये सोलर उपभोक्ताओं को प्रथम बिल जारी किये जाने की अनुमति भी प्रदान की गयी है।

### एमडी सख्त

### वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर क्षेत्र से मिल रही शिकायतों पर निर्देश

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं **प्रधान संपादक अजीत कुमार सिंह, स्थानीय संपादक प्रिया दूबे,** कुतुलूपुर रामनगर वाराणसी से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित। **आरएनआई नम्बर** : UPBIL05106 । इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

**सम्पर्क : 9473893322**
**7309842122 (विज्ञापन)**

**ट्रांसफॉर्मर में धमाका, कोटवां में इलेक्ट्रिक उपकरण जले:** लोहता के कोटवा गांव में लगे ट्रांसफॉर्मर में शुक्रवार की सुबह शार्ट सर्किट की वजह से धमाका हो गया। जिसके कारण कई घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गये। कोटवा गांव के हाजी अकरम, रिजवान, सकीउर्ररहमान, अब्बास, सोमारू आदि ने बताया कि शुक्रवार की सुबह गांव में लगे ट्रांसफॉर्मर में तेज धमाका हुआ। जिसके कारण घरों में हाई वोल्टेज बिजली प्रवाहित हो गई। जिससे टीवी, फ्रीज, पंखा सहित काफी सामान जल गये। ग्रामीणों ने जब विद्युत विभाग को सूचना दिया, तब जाकर बिजली काटी गई।



बाद में विद्युतकर्मियों ने ट्रांसफॉर्मर में आयी गड़बड़ी को दूर कर आपूर्ति बहाल की।

### काशी की धर्मशास्त्र परंपरा महाश्मशान से है प्रारंभ

वाराणसी। काशी की संपूर्ण प्रकृति व परंपराओं को ज्ञान के माध्यम से जानने और शास्त्रीय या लौकिक को समझने अर्थात काशी के विभिन्न उपांगों जैसे संगीत, कला, उत्सव आदि जो काशी के वैशिष्ट्य हैं, उनको परंपरा रूप में व्याख्यायित व प्रसारित करने के लिए काशी-व्याख्यानमाला की श्रृंखला शुरू की गई। आईजीएनसीए कला केन्द्र के क्षेत्रीय परिसर वाराणसी द्वारा अपने सभागार में काशी-व्याख्यानमाला के अंतर्गत शुक्रवार को काशी की धर्मशास्त्र परंपरा' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया। इस परंपरा में अब तक काशी पर आधारित विभिन्न विद्वानों के 15 से अधिक व्याख्यान श्रृंखलाबद्ध रूप में आयोजित किए जा चुके हैं। इसी अनुक्रम में यह व्याख्यान आयोजित किया गया है। यह कहना था इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी के क्षेत्रीय निदेशक डा. अभिजित दीक्षित का।

